हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन


RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 125, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 3 नवम्बर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## सरकारी दफ्तरों में कांग्रेसियों ने बनाया घूसखोरी का नया रिकॉर्ड

### पीएम मोदी का बड़ा आरोप, बीते पांच साल में सभी ने कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी है



कांकेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक उसने यहां की भाजपा सरकार के साथ दुश्मनी निकाली। इसके बावजूद हम छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले गए। उन्होंने कहा कि आज बस्तर की इस पावन धरती से मुझे भी भाजपा के संकल्प से जुड़ने का अवसर मिला है। भाजपा का संकल्प-छत्तीसगढ़िया पहचान को सशक्त करने का, हर गरीब, आदिवासी, पिछड़े के हितों की रक्षा करने का और छत्तीसगढ़ को देश के टॉप राज्यों में लाने का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते पांच साल में सभी ने कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी है। इन पांच सालों में कांग्रेसियों के बंगले, कारें और कोठियों का विकास हुआ है। इन पांच सालों में कांग्रेसियों के बच्चों और रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ है। कांकेर और बस्तर के गरीब, आदिवासी, पिछड़े परिवारों को क्या मिला? छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दी हैं। कांग्रेस ने आप लोगों को बीमार, बदहाल स्कूल और अस्पताल दिए हैं। सरकारी दफ्तरों में इन लोगों ने घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि गरीब की चिंता भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। हम आपके वर्तमान और भविष्य, दोनों की चिंता करते हैं। इसलिए बीते नौ सालों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनका लक्ष्य गरीब का कल्याण ही रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना के समय में दुनिया के अनेक देशों में खाने का संकट पैदा हो गया, लेकिन अपने गरीब भाई-बहनों को इस परेशानी से निकालने की चिंता भी मोदी ने की। भाजपा सरकार ने आपके लिए मुफ्त राशन देने वाली योजना तैयार की, लेकिन कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में इस योजना में भी घोटाला कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस की सरकारें पूरे देश में रहीं, लेकिन गरीब के घर, शौचालय नहीं बने, पानी की सुविधा नहीं पहुंची। छत्तीसगढ़ में तो परिस्थितियां और भी विकट थीं। ये काम भी आपके आशीर्वाद से मोदी ही कर रहा है।

### लखनऊ में धारा 144 लागू, विधान भवन के एक किमी तक तांगा-ट्रैक्टर ट्राली पर भी पाबंदी

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, गुरुनानक जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा और क्रिसमस पर्व के चलते धारा 144 लागू की गई है। जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल ने धारा 144 को लेकर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट को अलर्ट रहने के दिशा-निर्देश जारी किए है। साथ ही विधान सभा की तरफ जाने वाले रास्तों पर घोड़ा गाड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर भी रोक रहेगी। यह आदेश आज से 31 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगा। जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल ने कहा है कि दो नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम त्यौहार के साथ ही विभिन्न प्रवेश परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। वहीं वर्तमान में विभिन्न पार्टी कार्यकताओं / भारतीय किसान संगठनों एवं विभिन्न प्रदर्शनकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन आदि कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 144 लागू की जा रही है। इस दौरान किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रक्षा मंत्री ने बंगलूरू को बताया तकनीकी राजधानी, दक्षिण भारत देश का सांस्कृतिक किला



बंगलूरू। बंगलूरू में 'इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो-2023' के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'अगर दिल्ली राजनीतिक राजधानी है, तो बंगलूरू देश की टेक्नोलॉजी की राजधानी है।' उन्होंने कहा कि अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण आक्रमणकारियों के लिए दक्षिण भारत काफी दूर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ के अनुसार, उत्तर भारत ने सीधे आक्रमणकारियों का सामना किया। आक्रमणकारियों ने उत्तरी भारत में हमारी संस्कृति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन दक्षिणी भारत आक्रमणकारियों से कम प्रभावित हुआ और परिणामस्वरूप, हम दक्षिणी भारत में भारतीय संस्कृति को अधिक जीवंत देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के दृष्टिकोण से अगर दक्षिण भारत को देश का 'सांस्कृतिक किला' कहूं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत भारतीय संस्कृति का सुरक्षित घर है।

## देवबंद पहुंचे अखिलेश यादव, कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत, तय रूट में बड़ी चूक



सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को देवबंद में पूर्व विधायक माविया अली के बेटे के शादी समारोह में शिरकत के लिए पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विधायक और सपा नेता मौजूद रहे। दोपहर करीब 1.40 मिनट पर अखिलेश यादव का कारों का काफिला फिरदौस गार्डन पहुंचा। यहां पूर्व विधायक माविया अली सहित सपा विधायकों ने उनकी अगुवाई की और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं, कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अपने नेता का स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस भर्ती तैनात किया गया था। वहीं, अखिलेश यादव की झलक पाने को सपा नेताओं और कार्यकताओं की पुलिस के साथ नोंकझोक होते भी देखी गई। अखिलेश यादव जब फिरदौस गार्डन पहुंचे तो वह समारोह में जाने वाले गेट से पहले ही कार से उतर गए। जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पुनः कार में बैठाया और दूसरे रास्ते से भीतर लेकर गए। सहारनपुर में सरसावा हवाई पट्टी पर उतारने के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव का काफिला सरसावा की ओर मुड़ने के बजाय सहारनपुर की ओर चल दिया। जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को चूक का पता चला तो तब तक काफिला करीब दो किलोमीटर सहारनपुर की ओर पिलखनी के समीप राधा स्वामी सत्संग भवन तक जा चुका था। जिसके बाद सभी गाड़ियों को वापस मुड़ने के आदेश हुए और अखिलेश यादव का काफिला तय रूट पर ही आया। पूर्व मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के हिसाब से तय रूट पर सुरक्षा व्यवस्था के हिसाब से पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे लेकिन जिस रूट पर काफिला गलती से गया उस रूट पर पुलिसकर्मी तैनात नहीं थे। वहीं, इस मामले में एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि यह मानवीय भूल थी, जिसे सुधार लिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला तय रूट पर ही देवबंद पहुंचा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के देवबंद आगमन के मद्देनजर नगर में सुरक्षा व्यवस्था सर्तक है। सहारनपुर-मुजफ्फरनगर हाईवे और देवबंद-गंगोह बाईपास पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां पूर्व विधायक माविया अली के पुत्र हैदर अली के शादी समारोह में शिरक्त करने के लिए आए हैं। यहां पर आधा घंटा रुकने के बाद वह दिगंवत राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह राणा के पुज्ञ कार्तिकेय राणा के मजनूवाला रोड स्थित होटल पर पहुंचेंगे। जहां सपा कार्यकर्ता उनके स्वागत करेंगे। बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री सपा कार्यकताओं के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी कर सकते हैं। इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। इसलिए उनकी सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। नागल, देवबंद, बड़गांव से भारी पुलिस बल बुलाया गया है। पीएसी भी लगाई गई है।

## म्यांमार से आए शरणार्थियों की मांग, मुफ्त राशन और बच्चों की शिक्षा का इंतजाम करे नई सरकार



आइजोल। मिजोरम में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मिजोरम में रह रहे म्यांमार के शरणार्थियों ने उम्मीद जताई है कि नई सरकार उन्हें दो समय का खाना और बच्चों को अच्छी शिक्षा का इंतजाम करे। बता दें कि म्यांमार में साल 2021 में सैन्य तख्तापलट के दौरान भड़की हिंसा के बाद बड़ी संख्या में लोग भागकर मिजोरम आ गए थे। मिजोरम के सिहमुई कैंप में रह रहे म्यांमार के शरणार्थियों ने मांग की है कि नई सरकार उन्हें वैसे ही मदद देती रहे, जैसी मदद सितंबर तक उन्हें मिलती थी। बता दें कि मिजोरम के सिहमुई कैंप में म्यांमार के 130 परिवार रहते हैं। टीन की छत और अस्थायी बांस के ढांचे में रह रहे इन लोगों ने मांग की है कि नई सरकार उन्हें राशन, मेडिक सुविधा और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराए। म्यांमार के शरणार्थी कपथांग ने कहा कि नई सरकार से उम्मीद है कि सितंबर से सरकार ने राशन और अन्य सुविधाएं बंद कर दी है, जिसके बाद से जीवन बहुत मुश्किल हो गया है। राज्य सरकार सितंबर तक म्यांमार के शरणार्थियों को भोजन, पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं दे रही थी लेकिन सितंबर के बाद से यह सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। दरअसल म्यांमार के एक शरणार्थी ने बताया कि मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद बड़ी संख्या में कुकी जनजाति के लोग भी मिजोरम में बतौर शरणार्थी रह रहे हैं। ऐसे में सरकार पर बोझ बढ़ने के बाद म्यांमार के शरणार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती की गई हैं। म्यांमार के करीब 31 हजार शरणार्थी मिजोरम में रह रहे हैं। इनमें से अधिकतर म्यांमार के चिन राज्य के हैं। मिजोरम की म्यांमार के साथ 510 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। मिजोरम के गृह मंत्री ने बताया कि सरकार ने म्यांमार के शरणार्थियों के लिए 3.8 करोड़ रुपये जारी किए थे। एक शरणार्थी ने बताया कि अगर संभव हो तो सरकार पशु और खेती के लिए थोड़ी जमीन उपलब्ध करा दे तो उन्हें अपनी आजीविका कमाने में आसानी होगी। कई म्यांमार के शरणार्थी मिजोरम में नौकरी भी कर रहे हैं।

## 2005 के पहले चयनित कर्मचारी पुरानी पेंशन का हकदार : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अप्रैल 2005 के पहले चयनित लेखपालों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी है। कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याचियों को पुरानी पेंशन का हकदार मानते हुए राज्य सरकार को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करने का आदेश दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव की एकल खंडपीठ ने लेखपाल संघ व अन्य की ओर से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए सुनाया है। राज्य सरकार की ओर अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने दलील दी कि याचियों की नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 या उसके बाद हुई है, इसलिए पुरानी पेंशन योजना इन पर लागू नहीं होती। याचियों की दलील थी कि उनका चयन एवं प्रशिक्षण सत्र 2003-04 में हुआ था। अगस्त 2004 में प्रशिक्षण पूरा हो गया था। उनकी नियुक्ति में देरी सरकार की ओर से हुई है। अगर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सरकार की ओर से नियुक्ति में देरी न हुई होती तो याची पुरानी पेंशन के लिए निर्धारित अवधि के दायरे में होते। याचियों ने नई पेंशन योजना के तहत वेतन से हो रही कटौती को पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत जीपीएफ में समायोजित करने की भी मांग की है।



## वाम के कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार पहुंचे, लालू गायब; मंच से ही कांग्रेस के रवैए पर जताया एतराज



पटना। "देश का इतिहास बदलने वालों से मुक्ति के खिलाफ इंडि एलायंस का गठन किया गया था। यह हो गया, लेकिन अभी ज्यादा काम नहीं हो पा रहा। अभी पांच जगह विधानसभा का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी तो उसी को लेकर ज्यादा इच्छुक है। हमलोग तो कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम कर रहे थे। लेकिन, अभी उनको इन सब चीज की चिंता है नहीं। अभी वह लगे हुए हैं पांच राज्यों के चुनाव में। इसलिए, जब पांच राज्य का चुनाव होगा तो अपने सबको बुलाएंगे। अभी कोई चर्चा नहीं हो रही है।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय कॉम्युनिस्ट पार्टी के मंच से अपनी मेहनत का जिक्र करते हुए कांग्रेस से मिल रहे कष्ट का खुलासा किया। पिछले दिनों कांग्रेस के कार्यक्रम में वह नहीं गए थे और वहां राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की शान में कसीदे गढ़े गए थे। लालू ने राहुल की प्रशंसा की थी। इस बार सीपीआई के कार्यक्रम में लालू को भी बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आए। नीतीश पहुंचे तो उन्होंने सभा में अपना कष्ट जाहिर करते हुए पांच राज्यों के चुनाव के बाद एलायंस का काम बढ़ने की उम्मीद जताई। राजधानी पटना के मिलर स्कूल ग्राउंड में सीपीआई के द्वारा "भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। मंच पर पहुंचते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन बनाने में हम सभी ने कितना काम किया है। पटना सहित दो राज्यों में बैठक भी की गई, लेकिन अभी इस गठबंधन को मजबूत करने के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। इंडिया गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए हम लोगों ने इतना काम किया है लेकिन अब कांग्रेस के नेता न तो कुछ बोल रहे हैं, न कोई चर्चा कर रहे हैं और न ही कुछ कर ही रहे हैं। वह पांच राज्यों के चुनाव में लग गए हैं, लेकिन हम लोग इसे मजबूत करने के लिए पूरा काम कर रहे हैं।

## टिकट नहीं मिलने पर बागी हुए नेताओं से मिले कमलनाथ, बोले- सभी दिल से करेंगे कांग्रेस का समर्थन

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने पार्टी के उन सभी बागियों से बात की है, जिनको आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी से टिकट नहीं दिया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि वे टिकट नहीं मलने पर भी बागी पूरे दिल से कांग्रेस का समर्थन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने गुरुवार को भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमने करीब सभी बागियों से चर्चा की है जो नाराज चल रहे थे। मुझे विश्वास है कि वे पूरे दिल से कांग्रेस का समर्थन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन कई बागी नेता वापस ले लेंगे। राज्य में चुनावी सर्वेक्षण के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुझे मध्य प्रदेश के लोगों पर पूरा भरोसा है कि वे राज्य के भविष्य की रक्षा करेंगे। उन्होंने राज्य में भाजपा द्वारा जय-वीरू की राजनीति को लेकर किए गए टिप्पणी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने बारे में बात करनी चाहिए और कांग्रेस के बारे में कम सोचना चाहिए। मालूम हो कि कांग्रेस के एक नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की दोस्ती की तुलना बॉलीवुड फिल्म 'शोले' के रील किरदारों से की थी, जिसपर भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए दोनों को चोर करार दिया था। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि यह जय और वीरू ही थे, जिन्होंने अत्याचारी गब्बर सिंह के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि भाजपा ने राज्य को गब्बर सिंह की तरह लूटा है।



## हमास से मुकाबला करना महज गाजा पर कब्जा करने का बहाना, इस्राइली हमलों पर बोले भारत में ईरानी राजदूत

नई दिल्ली। इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार एक-दूसरे पर रॉकेट दागे जा रहे हैं। इस्राइली सेना हमास के आतंकी ठिकानों को तबाह करने में लगा है। इस बीच, भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने हमास आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए इस्राइली हमलों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इस्राइली हमलों को गाजा पर आक्रमण करने और वहां पर कब्जे करने का बहाना बताया है। ईरानी राजदूत ने कहा, ह्ययहूदियों को बंधकों के जीवन की चिंता नहीं है। हाल ही में यूएनजीए के प्रस्ताव को स्वीकार करके उनका आदान-प्रदान करने के अवसर के बावजूद, उन्होंने इनकार करने का विकल्प चुना। यह स्पष्ट है कि हमास का मुकाबला करना गाजा पर आक्रमण करने और अपनी बस्तियों व कब्जे का विस्तार करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि अमानवीय व्यवहार के कारण शुरूआत से ही इस्राइल इस संघर्ष में हारने वाले पक्ष में रहा है। लेकिन फिर भी वह पीछे हटने को तैयार नहीं है। अब्राहम समझौते के बाद, फलस्तीनियों के खिलाफ हर दिन की हिंसा बढ़ गई है। यहूदी शासन ने न केवल फलस्तीनियों का जीना दुश्वार कर दिया है, बल्कि मस्जिद-अल-अक्सा को भी अपवित्र कर दिया है। इस्राइली फलस्तीनियों की पहचान को कमजोर करने में लगे हुए हैं। ईरानी राजदूत इराज इलाही ने गाजा में जमीनी हमला करने को लेकर इस्राइल की आलोचना की और कहा कि खुद का बचाव करना नैतिक रूप से सही है। साथ ही इस्राइल को समर्थन देने के लिए अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। कहा कि अमेरिका साथ देकर संघर्ष को और बढ़ावा दे रहा है। ऐसी परिस्थितियों में, आक्रामकता और उत्पीड़न के खिलाफ खुद का बचाव करना न केवल नैतिक रूप से स्वीकार्य है, बल्कि आवश्यक है। इस संबंध में हमास ने जो किया है उसे आत्मरक्षा के रूप में देखा जा सकता है।



इलाही ने कहा कि जो लोग खुद का बचाव कर रहे हैं उनकी हत्या करना बिल्कुल सही विकल्प नहीं है। ईरान सक्रिय रूप से इस क्रूर नरसंहार को समाप्त करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकारियों ने अपने समकक्षों के साथ बैठकें की हैं, जिसका उद्देश्य संघर्ष विराम को रोकना या आम लोगों को राहत देना है। हालांकि, हमारे प्रयासों के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका कब्जा करने वालों का समर्थन करके प्रगति में बाधा डाल रहा है। हमारा विश्वास है कि इस संघर्ष का सही समाधान केवल लोकतांत्रिक तरीकों से और फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता देकर ही प्राप्त किया जा सकता है। गौरतलब है, सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इस्राइली रक्षा बलों ने जवाबी हमला किया और दोनों के बीच युद्ध छिड़ गया। तब से लेकर अब तक इन हमलों में 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## भूमाफिया गैंगस्टर नसीम की 85 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त, ढोल बजवाकर की गई कार्रवाई

शुक्लागंज (उन्नाव)। जाजमऊ कटरी पीपरखेड़ा में भूमाफिया गैंगस्टर नसीम अहमद की 85 करोड़ 12 लाख 14 हजार रुपये कीमत की अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है। कुल नौ संपत्तियों पर नोटिस बोर्ड लगाने की कार्रवाई की जानी थी, जिसमें तीन संपत्तियों पर नोटिस बोर्ड नहीं लगाए जा सके हैं। इन संपत्तियों पर भी जल्द नोटिस बोर्ड लगाने की कार्रवाई की जाएगी। कानपुर के जाजमऊ केडीए कालोनी निवासी नसीम अहमद वर्तमान में गंगाघाट के इकलाखनगर में रहता है। बुधवार को कानूनगो सर्वे कमलेश कुमार, लेखपाल सर्वे महेंद्र व विनय साहू, सीओ सिटी आशुतोष कुमार, गंगाघाट कोतवाल राजकुमार व जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजेश की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। कुर्क व जब्त छह संपत्तियों में डुगडुगी पिटवाकर नोटिस बोर्ड लगा दिए गए हैं। भूमि संख्या 1687, 1689, 1770, 1771, 1774, 1779 में नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं। सीओ सिटी ने बताया कि पूर्व में डीएम अपूर्वा दुबे के आदेश पर 90 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की गई थी। उसके बाद डीएम ने भूमाफिया की लगभग 123 करोड़ की अवैध अचल संपत्ति को जब्त करने के आदेश दिए थे, जिसमें 32.50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शेष संपत्तियों में बाढ़ का पानी भरा होने के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी थी। बुधवार को भूमि के छह बड़े नंबरों पर कुर्की की कार्रवाई कर नोटिस बोर्ड लगवा दिए गए हैं कि इन संपत्तियों को यूपी गैंगस्टर एक्ट में जब्त किया गया है। संपत्तियों को क्रय व विक्रय करना कानूनी रूप से दंडात्मक है। कानूनगो कमलेश कुमार ने बताया कि भूमि संख्या 1155, 1156, 1655, 1656 व 947 पर नोटिस बोर्ड लगने की कार्रवाई नहीं हो सकी है। तीन नोटिस बोर्ड में यह सभी भूमि संख्या शामिल हैं। गंगाघाट कोतवाल राजकुमार ने बताया कि बुधवार को 85 करोड़, 12 लाख, 14 हजार की संपत्तियों पर डुगडुगी पिटवाकर कुर्की के नोटिस बोर्ड लगवा दिए गए हैं।

## संपादकीय

### भारत- बांग्लादेश के बीच आर्थिक साझेदारी से दोनों देशों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत के लिए बांग्लादेश एक अहम पड़ोसी है और आर्थिक साझेदारी सहित कई स्तर पर चल रही सहयोग आधारित परियोजनाएं दोनों देशों के लिए काफी महत्त्वपूर्ण हैं। यही वजह है कि समय-समय पर वैसी परियोजनाओं को लेकर दोनों पक्ष गंभीर रहे हैं, जिनसे परस्पर संबंधों में बेहतरी के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर नए आयाम खुल सकें। बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिन तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वे न केवल कारोबार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि दोनों तरफ की आम जनता के लिए उपयोगी और दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती हैं। गौरतलब है कि भारत की सहायता से जिन तीन परियोजनाओं की शुरूआत हुई, उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच रेल संपर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच आवाजाही में लगने वाले समय को भी कम करेंगी। इस मौके को भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग के जारी सफर की एक और कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में सुधार की दिशा में एक निरंतरता कायम है। यह बांग्लादेश में निवेश को लेकर चीन की विशेष दिलचस्पी के बावजूद संभव हुआ है। इससे पहले बीते नौ वर्षों के दौरान तीन नई बस और तीन नई रेल सेवाएं शुरू की गई। तीन साल पहले से दोनों देशों के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन चल रही है और समुद्री मार्ग को भी सवारी और माल की आवाजाही के लिए विकसित किया गया। इस संदर्भ में विश्व की सबसे बड़ी क्रूज सेवा ह्यगंगा विलासह्व के शुरू होने के बाद पर्यटन को बढ़ावा मिला है, वहीं चटगांव और मंगला बंदरगाह के रास्ते से भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को जोड़े जाने का लाभ दोनों देशों को हुआ है। इसी साल मार्च में भारत-बांग्लादेश डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन भी हुआ, जिसे ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल, भारत की ह्यपड़ोसी पहलेह्व की नीति में बांग्लादेश को खास माना जाता है। यों भी दोनों देशों के बीच आर्थिक तकाजों के साथ-साथ सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक संबंध अच्छे रहे हैं। अपने निर्माण से लेकर वर्तमान तक बांग्लादेश भारत के साथ साझा इतिहास और विरासत के पहलू संबंधों की कड़ियों को जोड़ते हैं। सही है कि कुछ मसलों पर उतार-चढ़ाव और अड़चनें रही हैं, जिन्हें वक्त रहते सुलझाना जरूरी है। मगर तीन ओर से भारतीय सीमा से घिरे होने की वजह से बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति में भारत की जगह अपने आप खास हो जाती है। जबकि यही दोनों देशों को एक दूसरे लिए महत्त्वपूर्ण बनाती है। दरअसल, हाल के वर्षों में एशिया के मौजूदा सामरिक हालात के समांतर पाकिस्तान और चीन का रुख जगजाहिर रहा है। हालत यह है कि पाकिस्तान और चीन की ओर से बिना उकसावे के सीमा पर जैसी स्थितियां पैदा की जाती रही हैं, वह भारत के लिए एक चिंता का ही मोर्चा रहा है। वहीं बांग्लादेश की धरती से भारत में अपनी गतिविधियां चलाने वाले अलगाववादी गुटों को अब कुचल दिया गया है, जिसकी वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति लाने में काफी मदद मिली है। जाहिर है, आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय संतुलन में बेहतरी लाने के लिहाज से दोनों देशों के बीच जो नए आयाम खुल रहे हैं, उसका दूरगामी महत्त्व है।

### पकड़ में ना आना!



भागता है कौन पर ।
पकड़ में ना आना ।।
लगता करके एक-एक ।
सबको अंदर जाना ।।
पता नहीं चल पाया ।
हमको क्यों बुलाया ?
किया किसने टोटका ।
है यह कैसा साया ?
हैं हम सारे अवगत ।
जारी इस पर काम ।।
ज्यादती ना सहना ।
बन के रहेगा नाम ।।
पर करना सहयोग ।
हैं पूरे तैयार ।।
ना हम झुकने वाले ।
करो लाख प्रहार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करके ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है

**प्रह्लाद सबनानी**

आज पूरे विश्व में अशांति एवं अराजकता का माहौल है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल ही रहा था कि हमास और इजराइल के बीच युद्ध प्रारम्भ हो गया है एवं इस युद्ध में लेबनान एवं सीरिया भी कूद पड़े हैं। इधर चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने लगभग सभी पड़ौसी देशों के साथ सम्बंध अच्छे नहीं चल रहे हैं। ताईवान, मंगोलिया, जापान, इंडोनेशिया, फिलिपीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार, भारत आदि जैसे शांतिप्रिय देश भी आज चीन की नीतियों से बहुत परेशान हैं। एक तरफ तो विकसित देश अपनी आर्थिक नीतियों के असफल होने के कारण कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर अफ्रीकी महाद्वीप क्षेत्र में कई देश अभी भी आर्थिक विकास को तरस रहे हैं और इन देशों के नागरिक गरीबी का जीवन जीने को मजबूर हैं। कुल मिलाकर पूरे विश्व में ही त्राहि त्राहि मची हुई है। इन समस्त विपरीत परिस्थितियों के बीच आज भारत की आर्थिक विकास दर विश्व की समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच लगातार सबसे तेज बनी हुई है, क्योंकि भारत आज अपनी सनातन संस्कृति का पालन करते हुए ही आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, आदि क्षेत्रों में कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है एवं इसके चलते भारत आज कई क्षेत्रों में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है।

वैसे भी किसी भी राष्ट्र के मूल में कुछ तत्व निहित होते हैं, जिनके बल पर वह देश आगे बढ़ता है और समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोए रखता है। भारत के एक राष्ट्र के रूप में, इसके मूल में, सनातन हिंदू संस्कृति का आधार है जो हजारों वर्षों से भारत को आज भी भारत के मूल रूप में ही जीवित रखे हुए है। अन्यथा, पिछले लगभग 1000 वर्षों में भारत को तोड़ने के लिए अरब के आक्रांताओं और अंग्रेजों के द्वारा अनेकानेक प्रयास किए गए हैं। अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने बहुत अधिक प्रयास किए कि किसी तरह भारतीय मूल संस्कृति को तहस नहस किया जाय, शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया जाये, बलात हिंदुओं का धर्म परिवर्तन किया जाय, आदि आदि। इन प्रयासों में उन्हें कुछ सफलता तो अवश्य मिली परंतु पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाए। जबकि कई अन्य देशों (ईरान, लेबनान, इंडोनेशिया, मिस्त्र, ग्रीक आदि) में इनके यही प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहे एवं वहां के लगभग सम्पूर्ण नागरिकों को इस्लाम में परिवर्तित करने में वे सफल रहे। भारत में चूंकि सनातन हिंदू धर्म का बोलबाला है अतः यहां इन तत्वों को आज तक सफलता नहीं मिली है हालांकि इनके प्रयास अभी भी जारी हैं। अंग्रेजों ने जब भारत पर शासन करना प्रारम्भ किया तो उनका अज्ञानतावश यह सोच था कि यहां के नागरिक कुछ जानते ही नहीं है और इनकी विज्ञान के प्रति कोई समझ ही नहीं है। उनकी यह भी सोच थी कि भारत कई राज्यों का एक समूह है और यह एक राष्ट्र नहीं है। अंग्रेज तो यह भी सोचते थे कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा है, ना ही अभी यह एक राष्ट्र है और न ही कभी भविष्य में यह एक राष्ट्र रह पाएगा। क्योंकि यहां तो विभिन्न राजा राज्य करते हैं और उनके राज्यों की अलग अलग भौगोलिक सीमाएं हैं इसलिए भारत का एक राष्ट्र के रूप में कभी अस्तित्व ही नहीं रहा है। अंग्रेज यह भी मानते थे कि पूरे भारत के लोग एक हो जाएंगे यह कभी सम्भव ही नहीं है। अंग्रेज अहंकारवश भारतीयों को अनपढ़, असभ्य एवं रूढ़िवादी तक कहते थे। उनकी नजरों में भारतीयों की कोई एतिहासिक उपलब्धि नहीं है एवं भारत के बर्बर, जंगली लोगों को सभ्यता सिखाने का दायित्व हमारा (अंग्रेजों का) है। भारत के लोग प्रशासन करने के अयोग्य हैं। किसी कारण से यदि भारत को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे दिया तो इस देश की बबार्दी सुनिश्चित है और फिर इसकी जवाबदारी हमारी (अंग्रेजों की) होगी। उनको विशेष रूप से हिंदुओं से बहुत डर लगता था और वे हिंदुओं से सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया करते थे। उनका सोच था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत बहुत जल्दी बर्बाद हो जाएगा। भारत में लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता, यह बहुत ही अस्वाभाविक राज्य है। भारत आजाद होते ही कई टुकड़ों में बिखर जाएगा क्योंकि यहां 52 करोड़ लोग हैं एवं इनकी अलग अलग भाषाएं हैं ये आपस में लड़ते रहते हैं और कभी भी एक नहीं रह पाएंगे। भारत आजादी के बाद पूरी दुनिया के लिए एक भार बन जाएगा एवं यहां के नागरिक भूख से ही मर जाएंगे। उक्त सोच ब्रिटेन, अमेरिका, लगभग समस्त यूरोपीय देशों सहित कई देशों की भी थी। आज भी आतंकवादी संगठन एवं विदेशी ताकतें जो भारत को अस्थिर करना चाहते हैं वे इसी परिकल्पना पर अपना कार्य प्रारम्भ करते हैं एवं समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में लड़ाने का प्रयास करते नजर आते हैं।



उक्त वर्णित देशों की यह सोच इसलिए थी क्योंकि उनके पास हिंदू सनातन संस्कृति का कोई ज्ञान नहीं था बल्कि उनकी अपनी पश्चिम रंग में रची बसी सोच थी जो केवल ह्लमैंह्व में विश्वास करती थी उनके लिए देश मतलब केवल भौगोलिक सीमाओं वाला जमीन का टुकड़ा और उस जमीन के टुकड़े पर रहने वाले लोग ही विशेष हैं। उनके सोच में अहम का भाव कूट कूट कर भरा है। केवल मैं ही श्रेष्ठ हूं। इस दुनिया में रहने वाले बाकी सभी लोग हमसे हीन हैं। जर्मन लोगों ने अपना एक विशेष दर्शन शास्त्र दुनिया के सामने रखा जिसमें उन्होंने किसी और दर्शन को स्वीकार न करते हुए केवल अपने दर्शन को ही श्रेयस्कर माना एवं अहंकार का भाव जाहिर किया। जर्मन, फ्रेंच से भिन्न हैं। यूरोप में प्रत्येक देश ने अपने आप को दूसरे देश से बिलकुल अलग रखा हुआ है। पश्चिम का राष्ट्रवाद एकांतिक है इसमें समावेशिता का नितांत अभाव है। इसीलिए आज रूस, यूक्रेन के साथ लड़ रहा है तो जर्मनी की फ्रांस के साथ नहीं बनती है। इसी प्रकार यूरोप के लगभग सभी देशों के आपसी विचारों में किसी न किसी प्रकार की भिन्नता दृष्टिगोचर होती रहती है। जबकि यह लगभग सभी देश ईसाई धर्म को मानने वाले देश हैं। आज कई इस्लामी देश भी पश्चिमी सोच की राह पर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं कि केवल हमारा धर्म ही श्रेष्ठ है। इस धरा पर जो भी इस्लाम को नहीं मानता हैं वह काफिर है और उसे जीने का हक नहीं हैं। काफिर या तो इस्लाम को कबूल करे अथवा वह मार दिया जाएगा। और तो और इस्लामी देशों में भी अलग अलग किस्म के कई फिर्के आपस में ही लड़ते झगड़ते रहते हैं एवं एक दूसरे को अपने से श्रेष्ठ सिद्ध करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

# कुत्तों के हमले से उद्योगपति की मौत के बाद तो सरकारों की आंखें खुल जानी चाहिए

**योगेंद्र योगी**

वाघ बकरी चाय समूह के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का आवारा कुत्तों के हमले के दौरान सिर में लगी गंभीर चोट से अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। 49 वर्षीय देसाई पर उनके घर के बाहर मौजूद आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। यह घटना बताती है कि देश में आवारा पशुओं के नियंत्रण और लचर सरकारी मशीनरी की अनदेखी की हालत क्या है। इससे आम आदमी ही नहीं बल्कि उद्योगपति तक पीड़ित हैं। हर रोज कुत्तों के काटने की सैंकड़ों घटनाएं होने के बावजूद केंद्र, राज्यों की सरकारें और स्थानीय निकाय दशकों पुरानी इस समस्या के निदान में विफल रहे हैं। यदि यही हादसा किसी विदेशी पर्यटक के साथ होता तो भारत की विश्व में कितनी किरकिरी होती। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि विदेशी पर्यटक कभी आवारा कुत्तों के निशाने पर नहीं आ सकते। विधायिका ही नहीं न्यायपालिका भी इस मुद्दे का कोई ठोस समाधान नहीं कर सकी है।

इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पिछले दिनों तब गई जब सुनवाई के दौरान एक वकील के हाथ में पट्टी बंधी देख कर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने पूछ लिया। चीफ जस्टिस के साथ बैठे दूसरे जज जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि आवारा कुत्तों को लेकर इस तरह की समस्या एक गंभीर समस्या है। कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि आए दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। यहां तक कि छोटे और अबोध बच्चों के मौत की खबरें भी काफी विचलित करती हैं। सॉलिसिटर जनरल की चिंता से सहमति जताते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड ने कहा था कि दो साल पहले मेरा लॉ क्लर्क गाड़ी पार्क कर रहा था तभी आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया था और उस पर हमला कर दिया था। अदालत में दूसरे सीनियर एडवोकेट विजय हंसरिया ने भी चीफ जस्टिस से अनुरोध किया कि इस गंभीर समस्या पर अदालत को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

हंसारिया ने कहा कि इस मामले पर देश के अलग-अलग हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसले के चलते एक भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर एक आदेश पारित करना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल और हंसारिया की मांग पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वो इस पर विचार करेंगे। हालांकि पहले भी आवारा कुत्तों के आतंक पर देश के दूसरे राज्यों की कई याचिकाएं सालों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं।

तमिलनाडु में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और हमलों को लेकर नसबंदी किये जाने के खिलाफ पेटा (पशु अधिकार संगठन) की याचिका हो या केरल और बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका केरल के कन्नूर की जिला पंचायत की ओर से भी दायर की गई, जिसमे इंसान के लिए खतरनाक हो चुके कुत्तों को उन्हें इन्जेक्शन देकर मार दिए जाने की मांग की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के 2021 में आए एक ऐतिहासिक फैसले में आवारा कुत्तों को भोजन के अधिकार की गारंटी दी गई है। साथ ही इसमें चेतावनी भी दी गई है कि इस अधिकार को सुनिश्चित करने में सावधानी बरती जानी चाहिए। इससे बाकी नागरिकों के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। जी-20 के आयोजन के दौरान एमसीडी की ओर से सडकों से आवारा कुत्तों को हटाए जाने का मामला दिल्ली हाईकोर्ट में भी उठा। एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया कि कुत्तों को एमसीडी ने अवैध तरीके से पकड़ रखा है। याचिका पर एमसीडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में दलील देते हुए कहा है था कि स्ट्रीट डॉग्स को सिर्फ जी-20 इवेंट की वजह से पकड़ा गया था और अब उन्हें उसी इलाके में छोड़ा जा रहा है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। इन कुत्तों को बगैर नसबंदी के छोड़ा गया। अब यह समस्या देश की राजधानी का भी सिरदर्द बन चुकी है। आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या को लेकर दि स्टेट ऑफ पेट होमलेसनेस इंडेक्स डाटा फॉर इंडिया की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि देश में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 6.2 करोड़ है, वहीं ऐसी बिल्लियों की संख्या करीब 91 लाख है। करीब 88 लाख कुत्ते और बिल्लियां शेल्टर होम में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से भारत के ऑल पेट्स वांटेड स्कोर में भी गिरावट दर्ज की गई है। 10 अंकों के मानक पर इस समय भारत का स्कोर 2.4 है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि भारत में 85 फीसदी कुत्ते और बिल्लियां बेघर हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 68 फीसदी लोगों का कहना है कि वह हर सप्ताह कम से कम एक आवारा बिल्ली देखते हैं और लगभग 77 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें आवारा कुत्ते आसानी से देखने को मिल जाते हैं। भारत की 61 फीसदी जनसंख्या दूरी, प्रतिष्ठा या सुविधाओं जैसे व्यावहारिक कारणों के चलते आवारा कुत्तों के काटने के बाद भी पशु चिकित्सक के पास नहीं जाती है।

यह दुनियाभर के औसत 31 फीसदी से कहीं ज्यादा है। पीपल्स फॉर एनिमल्स के अनुसार देश में हर 100 लोगों पर आवारा कुत्तों की संख्या कम से कम तीन है। भारत के अलावा दुनिया के बाकी देशों की बात करें तो रिपोर्ट बताती है कि चीन में बेघर कुत्ते और बिल्लियों की संख्या लगभग 7.5 करोड़ है।

### दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी घर से फरार युवती का नही है पता, पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़गो से बीते 18 अक्टूबर को फरार हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार अरबुन निशा पत्नी जुमराती ग्राम बड़गो ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई हैं । पीड़िता ने शिकायत पत्र में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री यासमीन निशा को 18 अक्टूबर को गांव का ही युवक विकास गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता ने बहला फुसलाकर कर कहीं लेकर चला गया है। युवती के परिजनों ने स्थानीय थाना सहजनवां को इस बात की लिखित शिकायत दी। लेकिन दो दिन बाद इस मामले में 20 अक्टूबर को पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। लेकिन दो सप्ताह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी युवती का अभी तक कुछ पता नहीं लग सका। जिसे लेकर युवती के परिजन परेशान हैं तथा उनका कहना हैं की युवती के साथ किसी अनहोनी की आशंका हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस आरोपियों पर मेहरबान है जिस कारण हमें न्याय नहीं मिल पा रहा है। वहीं पुलिस क्षेत्र अधिकारी कैंपियरगंज को दिए शिकायत पत्र में पीड़ित पक्ष ने आरोपी पक्ष के लोगों द्वारा जाति सूचक शब्द (मुस्लिम) हो भाजपा सरकार में तुम्हारा कौन सुनेगा कहकर धमकाया जाता है। पीड़िता ने कहा इस पुरे प्रक्ररण में विवेचक की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। इस मामले के संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा इत्यानंद पांडे से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं हलका इंचार्ज व इस मामले के विवेचक सब इंस्पेक्टर संतोष यादव ने बताया मुकदमा पंजीकृत है सीडीआर के लिए नंबर भेजा गया है अभी आया नहीं है आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-एनसीआर में हवा के जरिये जहर अंदर कब तक खींचते रहेंगे लोग?

**ललित गर्ग**

इस वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरू भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाए, लेकिन दिल्ली--एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकार ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए।

वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी हैं। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे अच्छा माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे संतोषजनक और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को मध्यम माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे खराब, 301 से 400 के बीच रहे तो बहुत खराब और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे गंभीर माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है।

इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। बीते हफ्ते की ही बात की जाए तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गईं। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गई हैं जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाए जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा। लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने के है जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जाएं। पराली से खाद बनाकर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाएं नहीं जा सके हैं। वायु की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फेंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को भी विराम देना जरूरी है। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में सार्थक पहल करनी होगी, एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। पराली ही तरह पटाखों उत्पन्न प्रदूषण खतरनाक हैं। पराली-पटाखे आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। इस प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।

# जिलाधिकारी ने बाजरा क्रय केंद्र का किया उद्घाटन, किसान सुरेश को किया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील सदर स्थित मण्डी समिति जंगीपुर में खाद्य विभाग के संचालित बाजरा क्रय केन्द्र जंगीपुर पर कृषक सुरेश यादव पुत्र देवनाथ यादव, निवासी ग्राम मिट्ठापारा, जंगीपुर को सम्मानित करते हुए बाजरा क्रय केन्द्र का फीता काटकर उदघाटन किया । मौके पर 25 कु0 बाजरा की तौल हुई। जिलाधिकारी ने जनपद के किसान भाईयों को जनपद में बाजरा, ज्वार, धान के संचालित क्रय केन्द्रों पर अपने उपज की बिक्री कर, समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु अपील किया गया।

जिलाधिकारी ने बाजरा, ज्वार, धान क्रय के सम्बन्ध में समस्त जिला प्रबन्धक, जनपद प्रभारी एव क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि सभी केन्द्र प्रभारी बैनर में अंकित अपना मो0नम्बर खरीद अवधि में ऑन रखेंगे। जनपद मुख्यालय, तहसील मुख्यालय से रैण्डम आधार पर इसका सत्यापन कराया जायेगा। यदि मो0नम्बर बन्द पाया गया, तो सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 09 से 11 के मध्य अपनी लाइव लोकेशन सम्बन्धित क्रय एजेन्सी के जिला स्तरीय अधिकारी को प्रेषित की जायेगी। किसी भी केन्द्र से किसानों को अनावश्यक वापस नहीं किया जायेगा। सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार करें। अन्यथा की स्थिति में शिकायत प्राप्त होने पर



सम्बन्धित के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में क्रय केन्द्रों पर किसानों से धान की खरीद कम्प्यूटराईज्ड सत्यापित खतौनी, आधार कार्ड के आधार पर की जायेगी। प्रत्येक किसान का खरीद के दौरान ई-पॉप मशीन के माध्यम से रियल टाइम फोटो लिया जायेगा। केन्द्र प्रभारी द्वारा इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज मशीन द्वारा निर्गत खरीद की पठनीय प्रिंटेड पावती, सम्बन्धित किसान को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

धान खरीद के विजातीय पदार्थ के अनुसार अकार्बनिक 1 प्रतिशत, कार्बनिक 1 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त, बदरंग, अंकुरित एवं घुने हुए 5 प्रतिशत, अपरिपक्व, संकुचित एवं सिकुड़े हुए दाने 3 प्रतिशत, अधोमानक प्रजाति का अपमिश्रण 6 प्रतिशत एवं नमी 17 प्रतिशत। धान गीला या गंदा होने पर तत्काल अस्वीकृत नहीं किया जायेगा। केन्द्र पर साफ करने एवं सुखाने का मौका दिया जायेगा, फिर भी मानक में नहीं होने पर अस्वीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर किया जायेगा। रिजेक्शन रजिस्टर में नाम, पता, पंजीकरण, फोन, मात्रा, स्वीकृति का कारण दर्ज किया जायेगा, केन्द्र प्रभारी कृषक को अपीलीय अधिकारी का नाम व मो0 नम्बर, किसान अपील कर सकता है। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, मण्डी सचिव, केन्द्र प्रभारी, 02 प्रगतिशील किसान अपीलीय समिति में होंगे। बाट-माप विभाग द्वारा केन्द्रों पर उपलब्ध कांटो का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। प्रत्येक केन्द्र पर पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थान, वर्षा से बचाव हेतु क्रेट्स, तिरपाल एवं प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी। धान क्रय की समस्त व्यवस्थायें कृषकों को उनके फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के उद्देश्य से की गयी है। धान खरीद से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारी प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कृषकों को इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो। केन्द्र प्रभारियों के व्यवहार से ही कृषकों में धान क्रय व्यवस्था की छवि प्रतिबिंबित होती है। अतः केन्द्र प्रभारी प्रत्येक दशा में कृषकों से अच्छा व्यवहार करेंगे तथा धान, बाजरा, ज्वार क्रय से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान करते हुए मूल्य समर्थन योजना का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी बैठक, सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सड़क दुघर्टनाओं एवं उसके कारणो से रोकने के उपाय के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि दुघर्टना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुये नेशनल हाइवे से जोड़ने वाली अन्य सड़को



पर नेशनल हाइवे से पहले स्पीड ब्रेकर लगायी जाय ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सकें। सड़क दुघर्टनाओं में सम्भावित ब्लैक स्पाट को चिन्हित करते वहां साइनिंज बोर्ड लगाया जाय। इसी प्रकार पहाड़ी क्षेत्रो में घुमावदार सड़को पर लगभग 100 मीटर पहले रिफ्लेटर लगाया जाय ताकि सामने से आने वाली गाड़ी मालूम हो सकें। स्कूलो में ट्रैफिक नियमो के जन जागरूकता हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये गोष्ठियां आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाय। जनपद की सड़क दुघर्टनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक कार्यवाही की समीक्षा पुलिस अधिकारियों से किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन या तीन से अधिक दुघर्टना में मृत्यु वाली सड़क दुघर्टनाओं की जांच लोक निर्माण विभाग, ए0आर0टी0ओ0 तथा पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से करते हुये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। आटो व ई रिक्शा के संचालन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ट्रैफिक इंपेस्टक्टर एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सम्भागीय परिवहन अ धिकारी के साथ तीनो लोग भ्रमण कर जहां पर वर्तमान में अधिक आटो/ई रिक्शा रोककर सवारियां ले रही हो उसके आस पास जमीन चिन्हित कर स्टैण्ड बनाकर रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा ई रिक्शा तथा समस्त आटो का रजिस्ट्रेशन कराते हुये उनका रूट चार्ट निर्धारित करे ताकि नगर में जाम की स्थिति न हों। बैठक में रोड सेफ्टी पॉलिसी-4 ई में एजुकेशन जागरूकता, इमरजेंसी केयर सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा, रोड सेफ्टी इनफोर्समेंट, रोड इंजीनियरिंग आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

## डीएम ने कराई फसल की क्राप कटिंग, पराली को खाद बनाने के लिए किया अपील

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के ऑकड़े तैयार किये जाते है जिससे उत्पादन की सटीक जानकारी प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि,भारी वर्षा एंव अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इसी सिलसिले में आज जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिती मे ग्राम बिकापुर तहसील सदर में शैलेन्द्र कुमार तिवारी एवं निताबी देवी के खेत मे धान की क्राप कटिंग कराई गयी। इस दौरान शैलेन्द्र कुमार तिवारी के खेत में 43.03 वर्ग मीटर या .0043 हेक्टेयर खेत में क्राप कटिंग मौके पर कराई गयी। जिसमें 10.330 किग्रा उपज तौलाई के दौरान प्राप्त हुई तथा निताबी देवी के खेत में 43.03 वर्ग मीटर या .0043 हेक्टेयर खेत में क्राप कटिंग मौके पर



कराई गयी। जिसमें 21.640 किग्रा उपज तौल के दौरान प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने किसानो को अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रो पर धान बेचने की सलाह दी जिससे उन्हे अपने धान का उचित मूल्य मिल सके। उन्होने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे मे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानो से अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की अपील की पराली को खाद बनाने के लिए डी-कम्पोजर का उपयोग करने को कहा। डी-कम्पोजर राजकीय कृषि भण्डार पर निःशुल्क उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानो को डी-कम्पोजर का वितरण किया। इस मौके पर उप निदेशक कृषि अतीन्द्र सिंह, तहसीलदार सदर, अपर सांख्यकी अधिकारी अनुराग जगत श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान बिकापुर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मान

प्रखर जखनिया गाजीपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी शेषनाथ प्रसाद का विदाई समारोह का आयोजन शाखा परिसर में किया गया । शाखा प्रबंधक शैलेंद्र बहादुर सिंह ने स्मृति चिन्ह ‚ अग बस्त्रम देकर सम्मानित किया । इन्होने कहा कि शेषनाथ प्रसाद 1990 में निगम में अपना कार्य भार ग्रहण करते हुए बीमा कार्यो को पर प्रमुखता से करते रहे ।कहा कि नौकरी सेवा से एक न एक दिन हर कोई सेवा निवृति होता है ।जिसका जब कार्यकाल समाप्त हो यह एक व्यवस्था है ।परंतु मानव अपने कार्य से मुक्त होता है जिम्मेदारियों से नहीं इन्होंने कहा कि शेषनाथ प्रसाद अपनी बेहतर कार्य शैली व व्यवहार कुशलता के बदौलत शाखा से लेकर मंडल तक अपनी स्वयं की पहचान बना रखी थी । जो नौकरी में रहते संस्था की जिम्मेदारियों से सेवा निवृति होने के उपरांत घर ,गृहस्ती ,परिवार




सहित समाज की भी जिम्मेदारियां बढ़ती हैं । इन जिम्मेदारियां के निर्वहन करना हर मानव का कर्तव्य होता है। जिससे उसकी पहचान बनी रहती है। इनके द्वारा किए गए कार्यों के प्रशंसा करते हुए सभी साथियों को इनसे नसीहत लेने की बात कही । वाराणसी मंडल से आए विकास वाहिनी संगठन के विवेक सिंह ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के गौरव का दिन है कि हम अपने साथी शेषनाथ प्रसाद की सेवा निवृति होने के बाद विदाई समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं ।शेषनाथ प्रसाद जी निगम के हित में निरंतर कार्य करने के साथ ही अपने सहयोगी साथियों को नव व्यवसाय सहित अन्य समस्याओं का भी निस्तारण करवाने में सहयोग देते थे। मौके पर शाखा प्रबंधक विक्रय आनंद मोहन ,सहायक शाखा प्रबंधक केके पांडे , प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, विकास वाहिनी के संजय सिंह, विकास अधिकारी अजय यादव ,कृष्ण कुमार पांडे, विकास जायसवाल, नवीन पांडे , अशोक कुमार ,कैलाश यादव रंजीत यादव सहित काफी संख्या में लोग रहे ।

## भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा अमृत सरोवर जैतपुर

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के विकासखंड पिपरौली स्थित ग्राम पंचायत जैतपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पलीता लगाते दिखाई दिए ग्राम पंचायत के जिम्मेदार जहां एक तरफ सरकार के द्वारा हर ब्लॉक में लगभग सभी ग्राम पंचायत में अप्रैल, 2022 को स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर भारत की "आजादी का अमृत महोत्सव" समारोह के हिस्से के रूप में मिशन अमृत सरोवर लॉन्च किया गया था। इस मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचय की समस्या को दूर करने के लिये भारत के प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार करना था। सरकार के द्वारा ऐसा ऐसा निर्णय लिया गया वही विकासखंड पिपरौली के ग्राम पंचायत जैतपुर में सरकार की मनसा पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां की निर्वाह करने में पूर्ण रूप से असक्षम है वही ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है पहले अमृत सरोवर की कुल लागत लगभग 10 लाख रुपए दूसरे अमृत सरोवर की लागत लगभग 12 से 13 लख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई इतने पैसे खर्च होने के बावजूद भी अमृत सरोवर पूर्ण रूप से अधूरा है।

## सड़क दुर्घटना में पिता की मौत पुत्र घायल

### घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर मोड़ पर बीती रात सड़क (कट) पार करते समय मोपेड सवार अधेड़ की सड़क दुर्घटना में जहाँ मौत हो गई। वही 10 वर्षीय पुत्र बुरी तरह घायल हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों में गुरुवार को सड़क जाम कर विरोध जताया। फूलपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी संजय पटेल उम्र 38 वर्ष रघुनाथपुर बाजार में चाट पकौड़ी की दुकान चलाता था। बीती रात लगभग 9 बजे दुकान बंद कर अपने 10 वर्षीय अंश पटेल के साथ मोपेड से सड़क पार कर घर जा रहा था तभी बाबतपुर से जौनपुर की तरफ तेज गति से जा रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से संजय पटेल व पुत्र अंश पटेल बुरी तरह घायलों हो गए। ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसनी ले गए जहां डॉक्टरों ने संजय पटेल को मृत घोषित कर दिया और घायल पुत्र अंश को दीनदयाल के लिए रेफर कर दिया । घटना के बाद वाहन भाग निकला। वही घटना से आक्रोशित ग्रामीण गुरुवार को डेढ़ बजे रघुनाथपुर स्थित नेशनल हाईवे 31 पर आकर बॉस बल्ली लगाकर जाम कर दिया। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सक्रिय पुलिस और ग्रामीणों के बीच जाम को लेकर झड़प भी हुई। वही जाम की सूचना लगते ही



एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, एडीसीपी टी सरवन, एसीपी प्रतीक कुमार, एसओ फूलपुर दीपक राणावत, एसओ सिंधोरा अखिलेश वर्मा समेत अन्य पुलिस कर्मी पहुच गए और घण्टे भर चले बातचीत के बाद ग्रामीणों की मांग ब्रेकर व ओवरब्रिज के अलावा मृतक परिवार को मुआवजा देने के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।

## 04 एवं 05 नवंबर को वाराणसी में हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन!

प्रखर वाराणसी। सनातन धर्म को बदनाम करके नष्ट करने का षडयंत्र, हमास जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन यह धर्मयुद्ध का आरंभ है । हेट स्पीच के नाम पर हिन्दुत्ववादियों को लक्ष्य बनाना, भारत यह मुसलमानों का पहला वतन है इसका प्रचार, हलाल अर्थव्यवस्था आदि के माध्यम से इस्लामिक राष्ट्र स्थापन करने के संकटका अंतिम समाधान भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना ही है । इस दृष्टि से विचारमंथन एवं कार्ययोजना बनाने के लिए हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में आशापुर स्थित तनिष्क बैंक्वेट हॉल में 04 एवं 05 नवंबर को हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन होनेवाला है । इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, असम, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश तथा नेपाल के 75 से अधिक हिन्दू संगठनों के 275 से अधिक प्रतिनिधियों को निमंत्रित किया गया है । इस दो




दिवसीय अधिवेशन में भारत एवं नेपाल में हिन्दू राष्ट्र निर्माण हेतु आवश्यक प्रयास, हिन्दू राष्ट्र विरोधकों का नैरेटिव बिल्डिंग, हेट स्पीच तथा ब्रेकिंग इंडिया का षडयंत्र, मंदिरों का सुप्रबंधन, जिहादी आक्रमणों का प्रतिकार, बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या एवं बदलती जनसांख्यिकी, उद्योग क्षेत्र में हिंदुओं की आत्मनिर्भरता, हिंदू विरोधी कानूनों द्वारा धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदुओं का हो रहा दमन, दंगो में हिंदुओं की सुरक्षा, हिन्दू संगठनों में आपसी समन्वय, धर्मांतरण, हलाल जिहाद इत्यादि विषयों पर मान्यवर वक्ता दिशादर्शन करनेवाले हैं ।

इस अधिवेशन में प्रमुखता से काशी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के विरुद्ध न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले अधिवक्ता (पू.) हरिशंकर जैन, आसाम से इंटरनॅशनल वेदांत सोसायटी के संयुक्त महासचिव स्वामी स्वरूपानंद पुरी, अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कामेश्वर उपाध्याय, स्वामी करपात्री जी महाराज आश्रम धर्म संघ शिक्षा मंडल के महामंत्री श्री. जगजीतन पाण्डेय, नेपाल के विश्व हिन्दु महासंघ के सह अध्यक्ष श्री. शंकर खराल, ओरिसा से अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के सचिव अधिवक्ता त्रिमुलकुमार रेड्डी, सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस, हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता, उद्योगपति, विचारक, पत्रकार, मंदिर न्यासी तथा अनेक समवैचारिक सामाजिक, राष्ट्रीय और आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहनेवाले हैं ।

## पुस्तक अशोमन कविता संग्रह का हुआ विमोचन भव्य आयोजन

प्रखर मुम्बई। पनवेल तालुका में मुम्बई गोवा मार्ग स्थित ग्रीन मेडोज हाउसिंग सोसायटी के हाल में सुप्रसिद्ध कवि राजेश राजभर के कविता संग्रह अशोमन का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि उत्तर भारतीय विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी ने कहा कि कवि राजेश राजभर ने इस पुस्तक में वैश्विक बीमारी कोरोना से बेहाल प्रवासियों की पीड़ा दर्द को बहुत ही मार्मिक ढंग से पेश किया है। कोरोना काल में जब लोग



सोसायटियों में तास एवं अन्य खेलों के माध्यम से समय व्यतीत कर रहे थे उस समय राजेश राजभर पुस्तक को आकार देने में जुटे रहे। उन्नाव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश यादव ने कहा कि हमें खुशी हो रही है कि मुम्बई में भी अपने लोग व्यवसाय नौकरी के साथ साहित्य के क्षेत्र में अपना डंका बजा रहे हैं। इस समय उद्योगपति एमपी मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर शुक्ला, राकेश पांडेय विजयराज शर्मा, राजेश राजभर, दीपक नेगी, विश्वजीत बैरागी, अजय विश्वकर्मा, अमित माने, उदयराज शर्मा, दिगंबर सलगर, श्रीकांत पवार, स्वप्निल शेवटे, संजीव श्रीवास्तव, आशा राजेश राजभर, प्रवीण चव्हाण, आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेड एफ एम फाउन्डेशन द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आरंभ



प्रखर शाहगंज जौनपुर। समाजिक संस्था जेड एफ एम फाउन्डेशन द्वारा नगर के मोहल्ला कालीचौरा में बैडमिंटन टूनामेंट का आयोजन बुधवार की रात्रि मुख्य अतिथि पत्रकार नौशाद मंसूरी एवं उजैर अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। उदघाटन मैच बड़ेगांव और बैरकडीह के बीच खेला गया जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बैरकडीह की टीम विजेता रही। उक्त अवसर पर शाहनवाज अंसारी, समीर मंसूरी, रोजान,रविन्द्र कन्नौजिया, पाण्डेय जी,नोमान अंसारी सहित दर्जनों दर्शक और खिलाड़ी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त आर्मी सैनिक का हुआ स्वागत समारोह




प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। जिला के ग्राम सभा नारी पचदेवरा में पूर्वांचल वीर सेना के सौजन्य से सेवानिवृत्ति आर्मी सैनिक होनरी कैप्टन पद से रिटायर केशन्दर यादव सन ऑफ स्व0 ब्रह्देव यादव ग्राम नारी पचदेवरा माला पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया । नंदगंज बाजार से होते हुए जुलूस डीजे के साथ देश भक्ति गीत पूर्वांचल वीर सैनिक की जय जयकारा लगाते हुए इनका स्वागत किए। स्थानीय ग्रामीण के साथ पूर्वांचल वीर सेना के पदाधिकारी संयोजक, सदस्य राजेश सिंह यादव ओम प्रकाश साहनी अध्यक्ष सुरेश नागर , प्रदीप यादव, सुरनाथ यादव उर्फ टीपू कमांडो चुलबुल पटेल क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों ने माला पहनकर स्वागत किया। और बताया कि 30 साल की जगह-जगह देश विदेश में सेवा करते हुए सकुशल अपने घर परिवार के बीच लौटे है। आर्मी सैनिक केशन्दर यादव ने सभी लोगों का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

### आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर बासु के नेतृत्व में होगी।हर प्रदेश से राष्ट्रीय पदाधिकारी गण आयेंगे।यह काफी अहम बैठक है। उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी तथा राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी इस बैठक में भाग लेंगे।

### सपा व्यापार सभा ने निकाला पैदल मार्च, ई-कारोबार का किया जमकर विरोध




प्रखर मिजार्पुर। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता व सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में खुदरा व्यापारियों ने ई-व्यापार के खिलाफ पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट से कचहरी, साइलेस तिराहा, अस्पताल तक पैदल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी देश के खुदरा व्यापार को ई-व्यापार पूरी तरह से निगल रहा है। इसे अगर रोका नहीं गया तो देश के ज्यादातर दुकाने बंद हो जाएंगी। इससे जुड़े लोग भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे। ई-कारोबार के कारण छोटे व्यापारी बड़ी सहजता से इसके शिकार होते जा रहे हैं। भाजपा सरकार केवल व्यापारियों को परेशान कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में व्यापारी इनके खिलाफ आगे आयेंगे। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से ई-व्यापार धीरे-धीरे छोटे-मझोले व्यापारियों के कारोबार को लील रहा है। आने वाले दिनों में उन्हें अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल होगा। ऐसे व्यापारियों के गंभीर समस्याओं के बारे में गंभीरता से सोचते हुए कुछ ऐसा निष्कर्ष निकालना होगा। कहा कि किराए की महंगी दुकान, महंगी बिजली और स्टाफ को देने वाले वेतन का खर्चा उठाना भी छोटे-मझोले व्यापारियों के लिए काफी मुश्किल है। ऐसे में ऑनलाइन कारोबार ने उनके धंधे में पूरी तरह से सेंध मारने का कार्य किया है।

### जमालपुर की ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न


प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। श्रीमती देवकली इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार को जमालपुर विकास खंड के बेसिक विद्यालयों के ब्लाक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।खंड शिक्षाधिकारी डा अरूण कुमार सिंह ने फीता काट कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल तेरह न्याय पंचायतों के स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बालिका वर्ग की लंबी कूद में खुशी बियरही न्याय पंचायत भुइली,100 मीटर दौड़ में आयशा सरसा न्याय पंचायत बरईपुर,200 मीटर दौड़ में अनीता बभनी न्याय पंचायत हाजीपुर,600 मीटर दौड़ में सपना बियरही न्याय पंचायत भुइली एवं बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में प्रतीक बियरही न्याय पंचायत भुइली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालयों के बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में विक्की हरदी सहिजनी न्याय पंचायत जयपट्टी कला,100 मीटर दौड़ में मुकेश बियरही न्याय पंचायत भुइली,200 एवं 400 मीटर दौड़ में सुशील यादव बियरही न्याय पंचायत भुइली,लंबीकूद में इंद्रजीत बभनी न्याय पंचायत हाजीपुर प्रथम रहे। बालिका वर्ग के 50 मीटर दौड़ में चंचली हमीदपुर न्याय पंचायत बहुआर,100 एवं 200 मीटर दौड़ में मोनी बियरही न्याय पंचायत भुइली,400 मीटर दौड़ में शिवानी बियरही न्याय पंचायत भुइली एवं लंबी कूद में शिवानी सुरहा न्याय पंचायत भुइली प्रथम स्थान पर रही। बाल कीड़ा प्रतियोगिता में बृजेश भूषण सिंह एवं प्रभाकर सिंह ने संचालक की भूमिका निभाया।

Entertainment News



# इस तरह ओटीटी ने भारतीय दर्शकों के लिए खोल दिया भानुमती का पिटारा

ओटीटी की दुनिया में तेज बदलाव आया महामारी के दौरान, जब लोग घरों में बंद थे, तब उनके पास मनोरंजन के लिए सिर्फ ओटीटी था। इसी समय में लोगों ने सब्सक्रिप्शन खरीदने शुरू किए, लेकिन यही बात हिंदी फिल्मों के लिए घातक साबित हो गई। ओटीटी के साथ दर्शकों के लिए हिंदी फिल्मों से आ रहे कंटेंट की निर्भरता खत्म हो गई। यही नहीं, हिंदी के अलावा दूसरी भाषाओं और खास तौर पर अंग्रेजी के बेहतरीन शो का विशाल संसार उनके सामने खुल गया। इस तरह ओटीटी ने एक तरह से भारतीय दर्शकों के सामने भानुमती का पिटारा खोल दिया, जिसे लेकर अब भारतीयों का प्यार बढ़ता जा रहा है। बिंज्ड पोटर्ल पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना के दौरान के बाद भारत में अंग्रेजी शो देखने वालों की संख्या 19.1 मिलियन से बढ़कर 85.2 से और अधिक गई है। दिलचस्प बात यह है कि अंग्रेजी कंटेंट की खपत केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में भी तेजी से अंग्रेजी कंटेंट का उपभोग करने वाले प्रतिशत दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। रोचक बात यह है कि अधिकतर लोग डब किए गए संस्करण की प्रतीक्षा करने के बजाय मूल ऑडियो में ही अंग्रेजी सबटाइटल्स के साथ किसी भी शो को देखना पसंद कर रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए भारत में यह अहम डाटा। साथ ही यह हिंदी में फिल्म बनाने वाले बॉलीवुड और कमजोर हिंदी वेबसीरीजें बनाने वाले प्रोडक्शन हाउसों के लिए भी खतरे की घंटी है।



# काजोल को लोगों ने किया जमकर ट्रोल

बॉलीवुड की पॉपुलर अभिनेत्री काजोल को लोग खूब पसंद करते हैं। एक्ट्रेस को उनके बेबाक अंदाज के लिए जाना जाता है। एक्ट्रेस अपनी बातों और हरफनमौला अंदाज से लोगों का दिल जीत लेती हैं, लेकिन इस बार एक्ट्रेस को ट्रोल होना पड़ा है। लोगों ने उनका न अंदाज पसंद आया और न ही उनका ड्रेसिंग सेंस। बीते दिन एक्ट्रेस एक इनेंट में पहुंची थीं, जहां उन्हें पैपाराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है। एक्ट्रेस अपनी चाल से लेकर अपने एटीट्यूड को लेकर ट्रोल की जा रही हैं।

हाल में ही काजोल ओटीटी प्ले अवॉर्ड्स में पहुंची थीं। उन्होंने ब्लैक कलर की टाइट ड्रेस कैरी की थी। इसके साथ ही उन्होंने बालों में एक्सटेंशन्स भी लगाए थे। बोल्ड लुक में एक्ट्रेस भले ही खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन उससे ज्यादा वो असहज नजर आईं और इस पर फैंस की निगाहें टिक गईं। फिर क्या था, लोगों ने एक्ट्रेस को ट्रोल कर दिया। दरअसल सामने आए वीडियो में एक्ट्रेस अजीब-अजीब एक्सप्रेशन्स दे रही हैं। वो थोड़ा परेशान और अनकंफर्टेबल लग रही हैं। वीडियो देखने के बाद लोगों को लग रहा है कि वो अपने इस टाइट बॉडीकॉन आउटफिट की वजह से बेहाल हैं।

## पांच हजार रुपए में ठाठ-बाट से करें सैर-सपाटा, इन हिल स्टेशन्स को करें एक्सप्लोर

अक्तूबर के महीने से हल्की सर्दी होना शुरू हो जाती है। तो वहीं सर्द हवाओं के साथ दिसंबर का महीना शुरू होता है। सर्दी के महीनों में कई शानदार रंग देखने को मिलते हैं। वहीं जब हमारे यहां हल्की ठंड होती है, तो कई जगहों पर काफी ज्यादा ठंड शुरू हो जाती है। इसलिए कई लोग सर्दियों में घूमने का प्लान बनाते हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में घूमने का अलग ही मजा होता है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की कुछ ऐसी खास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप सर्दी के मौसम में ट्रिप प्लान कर सकते हैं। साथ ही बता दें कि इन जगहों पर घूमने के लिए मात्र 5 हजार रूपए का खर्च आएगा। सर्दी के मौसम में पहाड़ी इलाके और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाते हैं। बता दें कि कसौली एक ऐसा हिल स्टेशन है, जिसे आप कम बजट में भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप होटल की जगह हॉस्टल आदि में रुक सकते हैं। साथ ही ढाबे व छोटे रेस्टोरेंट्स का खाना इंन्जॉय कर सकते हैं। खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसा ऋषिकेश सबसे फेमस हिल स्टेशन्स में से एक है। यहां पर रहना और खाना काफी ज्यादा सस्ता है। हांलाकि गर्मी के मौसम में ऋषिकेश में यात्रा करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन यहां पर सर्दी के मौसम में ट्रिप करने का अलग ही मजा है। यहां पर आपको कई ऐसी धर्मशालाएं मिल जाएंगी। जहां पर आप कम दाम से स्टे कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश एक ऐसी फेमस जगह है। जहां का शांत माहौल टूरिस्ट के मन को भा जाता है। इस प्राकृतिक सुंदरता वाले हिल स्टेशन में आप काफी सस्ते में रूम ले सकते हैं। वहीं आपको हिमाचल का ट्रेडिशनल फूड भी काफी सस्ता है। इसके अलावा आप हिमाचल में टूरिस्ट स्पॉट्स जैसे बौद्ध मंदिर और बाजारों को देख सकते हैं।

Bollywood Update



# टाइगर 3 के लिए एक्शन सीन देने में छूट गए थे कटरीना के पसीने

एक्शन फ्रेंचाइजी फिल्म टाइगर में कटरीना कैफ एक बार फिर वही दमदार अंदाज दिखाएंगी, जो उन्होंने इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों में दिखाया है। ट्रेलर में फैंस को उनकी पावरपैक परफॉर्मेंस की झलक देखने को मिली। खासकर कटरीना का टावल सीन सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। मारधाड़ वाले सीन में एक्ट्रेस पूरी जी जान से दुश्मन के छक्के छुड़ाती नजर आ रही हैं। ये सीन देखने में जितना आसान लगता है, परफॉर्म करने में उतना ही मुश्किल है।

**ऐसा कुछ नहीं जो महिलाएं नहीं कर सकतीं**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना ने बताया कि उन्हें दो महीने का वक्त लगा था फिल्म के स्टंट सीन को परफॉर्म करने में। जोया एक जासूस है। ऐसे में उसकी पर्सनालिटी ऐसी गढ़नी थी, जो अपने परिवार और देश को बचाने के लिए किसी भी हद को पार करने के लिए तैयार है। कटरीना ने कहा, टाइगर 3 से पता लगता है कि जब बात परिवार, देश या इंसानियत की हो, तो ऐसा कुछ नहीं है, जो एक महिला नहीं कर सकती। कटरीना ने कहा कि जोया जैसा कैरेक्टर ये बताने के लिए बहुत जरूरी है कि महिलाएं सॉफ्ट हार्ट हो सकती हैं, तो जरूरत पड़ने पर सख्त भी हो सकती हैं। जोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है। वह एक ऐसी लड़की है, जो किसी भी सिचुएशन में आसानी से ढल जाती है और सुरक्षा के लिए लड़ने से कभी पीछे नहीं हटती। उसके पीछे दुश्मनों की फौज है और वह एक-एक से लड़ने के लिए तैयार रहती है।

# 50 फ्लॉप मूवीज के बाद इस फिल्म से सुपरस्टार बनी थी मनीषा कोइराला

बॉलीवुड में कई टॉप एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने अपने जीवन में खूब संघर्ष किया है और एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। हालांकि, उन एक्ट्रेसेस को इस मुकाम तक पहुंचे के लिए काफी कुछ झेलना भी पड़ा होगा। बी-टाउन की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाने वाली एक ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जो अपनी पहली डेब्यू फिल्म से रातों-रात स्टार बन गई थीं, लेकिन इसके बाद उनकी किस्मत ने ऐसी पलटी मारी कि उनकी लगातार कई फिल्म फ्लॉप दी। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि मनीषा कोइराला हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सौदागर' से की थी। फिल्म में एक्ट्रेस के किरदार को खूब पसंद किया गया था, जिससे एक्ट्रेस रातों-रात स्टार बन गई थीं।

**ये फिल्म साबित हुई मील का पत्थर**

इस फिल्म के बाद एक्ट्रेस निर्माता-निर्देशकों की पहली पसंद बन गई थीं। इसके बाद एक्ट्रेस करीबन 6 फिल्मों में बैक-टू-बैक काम किया, लेकिन उनकी ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही थीं। एक्ट्रेस ने साल 1993 से 1996 तक करीबन 11 फिल्मों में काम किया, जो सभी बॉक्स ऑफिस पर बड़ी फ्लॉप साबित हुईं। इसके बाद एक्ट्रेस के हाथ लगी 'अग्नि परीक्षा', जिसने एक बार फिर एक्ट्रेस के करियर को सहारा दिया।



**50 फ्लॉप फिल्में देने के बाद ऐसे चमकी किस्मत**

ये फिल्म मनीषा कोइराला के आने वाले समय के लिए जबरदस्त साबित हुई थी। इस फिल्म से एक्ट्रेस के करियर को इंडस्ट्री में एक नई दिशा मिली। इस फिल्म में मनीषा के साथ जैकी श्रॉफ और नाना पाटेकर नजर आए थे, जो बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो, मनीषा कोइराला ने अपने दशकों लंबे करियर के दौरान 50 फ्लॉप फिल्में दी थी।






# कभी शाहरूख की आवाज हुआ करते थे अभिजीत भट्टाचार्य

ग्लैमर की दुनिया में कब कौन स्टार राजा से रंक बन जाये कहा नहीं जा सकता। इंडस्ट्री में से कई सितारे रहे हैं जिन्होंने एक समय में सफलता का सांतवा आसमान छूआ तो अचानक ही इस इंडस्ट्री से दूर भी हो गए। ऐसा ही एक नाम है 90 के दशक में सबके पसंदीदा गायक रहे सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य का। उस समय अभिजीत एक ऐसे सिंगर थे जिसे शाहरुख खान की आवाज कहा जाता था। लेकिन कहते हैं सूरज को ढलने में समय नहीं लगता ठीक ऐसा ही अभिजीत के भी साथ भी हुआ। उनके करियर के खत्म होने की वजह उनके बड़बोलेपन और इगो को ठहराया गया।

**करियर की शुरुआत**

30 अक्टूबर 1958 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक बंगाली परिवार में जन्मे अभिजीत भट्टाचार्य बचपन से ही सिंगिंग का शौक रखते थे। चार भाई-बहनों में सबसे छोटे रहे हैं अभिजीत। साल 1970 से ही अभिजीत ने स्टेज परफॉरमेंस देकर काम करना शुरू कर दिया था। यूं तो अभिजीत बीकॉम करने के बाद चार्टेड अकाउंटेंट का कोर्स करने कानपूर से साल 1981 में मुंबई आये थे लेकिन यहां उन्होंने अपनी गायिकी का सफर शुरू कर दिया। अभिजीत की किस्मत मायानगरी में ऐसी चमकी कि उन्हें एक दिन इंडस्ट्री के मशहूर संगीतकार रहे आरडी बर्मन का फोन आया और उन्होंने अभिजीत को देव आनंद के बेटे की फिल्म आनंद और आनंद के लिए गाने का ऑफर दे दिया। इतना ही नहीं एक दौर ऐसा रहा है जब बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की आवाज अभिजीत भट्टाचार्य हुआ करते थे।

उन्होंने 1000 से ज्यादा फिल्मों में छह हजार से अधिक गाने रिकॉर्ड किये हैं।



# अथिया शेट्टी के ट्रेडिशनल लुक पर फिदा हो गए थे केएल-राहुल

सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। अथिया शेट्टी आए दिन अपने किसी न किसी पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी ही रहती हैं। इसी बीच हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसे देख उनके पति केएल राहुल भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाए हैं। अथिया शेट्टी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें वह ग्रीन कलर का पलाजो सूट पहने बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। इसके साथ ही एमराल्ड ज्वेलरी और बालों में गजरा लगाए अथिया अपनी अदाओं से सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं। वहीं सी ग्रीन कलर के दुपट्टे के साथ पोज देते हुए एक्ट्रेस काफी खूबसूरत दिख रही हैं। अथिया ने इस लुक में एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं, जिसे देख फैंस आहें भर रहे हैं।

**आथिया की फोटोज देख बहक गए पति केएल राहुल**

फैंस तो फैंस उनके पति केएल राहुल भी उनकी इस अदाओं को देखकर फिसल गए हैं। तभी तो क्रिकेटर ने न आव देखा न ताव बस झट से वाइफ के इस पोस्ट पर कमेंट कर उनकी खूबसूरती के तारीफों के पुल बांधने लगे।अथिया के इस पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए केएल राहुल ने लिखा, बहुत खूबसूरत,बहुत एलिगेंट! जस्ट लुकिंग लाइक अ वॉव।

**अथिया ने दिया रिएक्शन**

वहीं पति के मुहं से अपने लिए तारीफ सुनकर अथिया भी चुप नहीं रही। उन्होंने भी केएल राहुल के कॉमेंट पर अपना रिएक्शन दिया है। राहुल के इस मजेदार कॉमेंट पर अथिया ने रिएक्ट करते हुए कहा, राहुल, मैं तुम्हें सुन सकती हूं।

# ये सेलेब्स रखते हैं पत्नी के लिए करवा चौथ का व्रत

ऐसा कोई त्योहार नहीं है, जिसे सितारे नहीं मनाते। बॉलीवुड के गलियारों में त्योहारों की रौनक कुछ खास और अलग होती है। बता दें कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में करवा चौथ का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे कई सितारें हैं, जो अपनी पत्नी की लंबी उम्र के लिए उनके साथ करवाचौथ का व्रत रखते हैं। बता दें कि इस साल 1 नवंबर को करवा चौथ का त्योहार मनाया जाएगा। आज हम आपको उन सितारों के बारे में बताने वाले हैं, जो अपनी-अपनी पत्नियों के लिए करवाचौथ का व्रत रखते हैं।







**रणवीर सिंह**

बॉलीवुड के सितारों की इस लिस्ट में सबसे पहला नाम रणवीर सिंह का है, जो पत्नी दीपिका पादुकोण के लिए करवा चौथ का व्रत रखते हैं। आजकल रणवीर और दीपिका कॉफी विद करण के पहले एपिसोड के मेहमान भी बने हुए हैं, जिसके बाद उनके मोहब्बत के किस्से भी जमकर वायरल हो रहे हैं।

**विराट कोहली**

अनुष्का और विराट दोनों एक आदर्श कपल हैं और ये करवाचौथ का त्योहार भी बहुत अच्छे से मनाते हैं। बता दें कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी धर्मपत्नी की लंबी उम्र की कामना करते हुए उनके लिए व्रत रखते हैं।

**अभिषेक बच्चन**

बॉलीवुड इंडस्ट्री के फेमस कपल में से एक ऐश्वर्या जो की खूबसूरती और हुस्न की मल्लिका हैं। बता दें कि अभिषेक बच्चन भी पत्नी ऐश के लिए करवा चौथ का व्रतरखते हैं। दोनों की शादी साल 2007 में हुई थी। इस बात के बारे में मीडिया और लोगों को बहुत देर बाद पता चली थी जब साल 2018 में अभिषेक ने बताया था कि वो ऐश के लिए करवा चौथ का व्रत रखते हैं।

**राज कुंद्रा**

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को भला कौन नहीं जानता, दोनों के बीच बेइन्तहां मोहब्बत तो है ही साथ ही एक दूसरे को लेकर विश्वास और सम्मान भी है। दोनों को शादी के बंधन में बंधे 14 साल हो गए हैं और कपल एक दूसरे के लिए करवा चौथ का व्रत रखते हैं।

**खबर संक्षेप**

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री बढ़ी



**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 1,00,507 इकाई रही। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पिछले महीने 84,302 इकाइयों के साथ सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज की गई, जबकि वैश्विक स्तर पर 16,205 इकाइयों का निर्यात किया गया। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष देवाशीष हांडा ने कहा कि अक्टूबर में निरंतर वृद्धि कंपनी के प्रति दोपहिया वाहन खरीदारों के विश्वास का प्रमाण है।

### सन फार्मा का लाभ पांच प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल्स इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 2,375 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू और अमेरिकी बाजारों में अच्छी बिक्री से उसे यह मुनाफा हुआ है। दवा कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की कुल बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 5.89 प्रतिशत बढ़कर 82,954 इकाई रही। कंपनी की कुल घरेलू बिक्री 80,825 इकाई रही, जो अक्टूबर 2022 में 76,537 इकाई थी। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अक्टूबर में यात्री वाहन खंड में घरेलू बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 48,337 इकाई रही।

# इस माह से बदलाव लागू, एलपीजी 101 रुपए महंगा, जीएसटी के बदले नियम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बुधवार से नवंबर का महीना शुरू हो गया है और हर महीने की तरह ये महीना भी देश में कई बड़े बदलाव लेकर आया है। पहले ही दिन जहां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने से बड़ा झटका लगा है, तो वहीं जीएसटी के नियम भी बदले हैं। बुधवार से 19 किलोग्राम वाला वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर राजधानी दिल्ली में 1,833 रुपए में मिलेगा, जो कि पहले 1731 रुपए में मिल रहा था। पांच बड़े बदलावों के साथ ही देश में और भी कई नियम बदले हैं, जिनमें एक बीमाधारकों से जुड़ा हुआ है।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े

1 हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी की कीमतों में संशोधन करती हैं। फेस्टिव सीजन में बीते 30 अगस्त को 14 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी कटौती करते हुए सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी थी, लेकिन कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ीं। इस महीने की पहली तारीख यानी 1 नवंबर 2023 से फिर बड़ा झटका लगा है और 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 101 रुपए तक का इजाफा किया गया है। दिवाली से पहले गैस की कीमतों में ये बढ़ोतरी कॉमर्शियल यूजर्स की जेब पर भारी पड़ेगी।

**कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में अब 1,833 रुपए**



### जेट फ्यूल सस्ता

2 नवंबर की शुरुआत के साथ दूसरा बड़ा बदलाव हवाई यात्रियों के लिए है। जी हां, लगातार बढ़ रहे एयर टर्बाइन फ्यूल के दाम में बढ़ोतरी का सिलसिला थम गया है। एक के बाद एक लगातार बढ़ोतरी के बाद 1 नवंबर 2023 को आखिरकार ओएमसीएस ने एटीएफ के दाम में 1074 रुपये प्रति किलोलीटर घटा दिए हैं।

### 30 दिनों में भरें जीएसटी चालान

3 तीसरा बड़ा बदलाव जीएसटी से संबंधित है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के मुताबिक 1 नवंबर 2023 से 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा का कारोबार करने वाले कारोबारियों को 30 दिनों के भीतर ई-चालान पोर्टल पर जीएसटी चालान अपलोड करने का ऐलान किया था, ये नियम कारोबारियों पर बुधवार से लागू हो गया है।

### बीएसई पर ट्रांजेक्शन

4 शेयर बाजार के 30 शेयरों वाले बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने बीते अक्टूबर महीने में इक्विटी के डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रैंजैक्शंस पर शुल्क बढ़ाने का ऐलान किया था और ये बदलाव भी 1 नवंबर 2023 से लागू हो गया है। इसका असर शेयर बाजार निवेशकों पर पड़ेगा और पहली तारीख से लेन-देन पर उन्हें अतिरिक्त पैसा देना पड़ेगा।

### दिल्ली में इन बसों पर रोक

5 बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली एनसीआर में एक नवंबर से बीएस-3 और बीएस-4 डीजल बसों की एंट्री पर बैन किया गया है। एजेंसी के मुताबिक, अब दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान से आने वाली ऐसी डीजल बसें राजधानी दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। अब केवल इलेक्ट्रिक, सीएनजी एवं भारत स्टेज बसों को ही दिल्ली में एंट्री मिल सकेगी।

### कारोबार के अंत में सेंसेक्स 0.45 फीसदी की गिरावट के साथ बंद

# सेंसेक्स 284 अंक टूटा, निफ्टी 19,000 अंक से नीचे फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी और फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक करीब आधा प्रतिशत तक टूट गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 283.60 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,591.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 324.47 अंक तक गिरकर 63,550.46 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत कमजोर होकर 19,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 18,989.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।



### शेयर में निवेश को कम करने पर ध्यान

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, 'निवेशकों ने लगातार दूसरे दिन अपने सतर्क रुख को जारी रखा और शेयर में निवेश को कम करने पर ध्यान दिया। धातु, ऊर्जा, वाहन एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली का जोर रहा जबकि दूरसंचार शेयरों में तेजी रही।' व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.39 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि स्मॉलकैप 0.10 प्रतिशत गिर गया। धातु खंड में सर्वाधिक 1.45 प्रतिशत का नुकसान देखा गया।

### एफआईआई कर रहे निकासी

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 696.02 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। अक्टूबर में भारत में विनिर्माण गतिविधियां सुस्त पड़ने की रिपोर्ट आई है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक अक्टूबर में गिरका 55.5 पर आ गया, जो फरवरी के बाद से विस्तार की सबसे धीमी दर है। सितंबर में यह 57.5 पर रहा था।

### मांग सुस्त, अधिक सतर्कता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में मांग सुस्त रही और एशियाई एवं यूरोपीय बाजारों की तुलना में भारत में अधिक सतर्कता देखी गई। हालांकि, पहली छमाही में कर संग्रह की अच्छी स्थिति और वाहन क्षेत्र में मांग उम्मीद के अनुरूप रहने से बाजार पर नाममात्र का नकारात्मक प्रभाव पड़ा।' वित्त मंत्रालय ने कहा कि अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अबतक का दूसरा सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है।

### एशिया के बाजारों में उछाल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की एवं चीन का शंघाई कम्पोजिट चढ़कर बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में बढ़त दर्ज की गई थी। पश्चिम एशिया में बने तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 86.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# जीएसटी संग्रह 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़

**पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक**




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये रहा था। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'अक्टूबर, 2023 के लिए जीएसटी राजस्व अप्रैल, 2023 के बाद दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा है। अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था, जबकि सितंबर में यह 1.63 लाख करोड़ रुपये था।' वित्त वर्ष 2023-24 में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले महीने के लेनदेन से संबंधित तिमाही अंत के समायोजन और अर्थव्यवस्था की रफ्तार से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। नायर ने कहा, "इसके साथ, अक्टूबर 2023 में साल-दर-साल वृद्धि की गति 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो उत्साहजनक है।

### कुल जीएसटी राजस्व 1,72,003 करोड़

अक्टूबर, 2023 में कुल जीएसटी राजस्व 1,72,003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें 30,062 करोड़ रुपये केंद्रीय जीएसटी, 38,171 करोड़ रुपये राज्य जीएसटी है, 91,315 करोड़ रुपये (माल आयात पर एकत्र 42,127 करोड़ रुपये सहित) एकीकृत जीएसटी है और 12,456 करोड़ रुपये उपकर है। सरकार ने आईजीएसटी में सीजीएसटी के 42,873 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के 36,614 करोड़ रुपये का निपटान किया है। नियमित निपटान के बाद अक्टूबर में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 72,934 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 74,785 करोड़ रुपये है।

**बिजनेस साइट**

### निरंकारी फर्नीचर हाउस में दिवाली सेल 30% तक की छूट




**रायपुर।** पंडरी, एलआईसी रोड स्थित निरंकारी फर्नीचर हाउस में दिवाली सेल रखी जा रही है, जहां अफोर्डेबल प्राइस पर मनपसंद क्वालिटी फर्नीचर खरीदे जा सकते हैं। इस एक्सक्लूसिव फर्नीचर शोरूम की दिवाली सेल में हर तरह के फर्नीचर पर 30% तक की छूट दी जा रही है जिसे ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। निरंकारी फर्नीचर हाउस के संचालक के मुताबिक यहां लिविंग, डायनिंग, बेडरूम, स्टोरेज और ऑफिस फर्नीचर की बेस्ट रेंज अवेलेबल है। सोफा सेट्स की रेंज 24,999 रुपए से शुरू है। इसी तरह डायनिंग टेबल 19,999 रुपए, बेडरूम सेट्स 44,999 रुपए, सेंट्रल टेबल 7,999 रुपए और ऑफिस फर्नीचर 5,999 रुपए की शुरुआती रेंज में है। यही नहीं ग्राहकों की सुविधा के लिए ईजी फाइनेंस भी है ताकि वे अपने मनपसंद फर्नीचर की खरीदी आसानी से कर सकें। शाही अंदाज का एहसास कराने के साथ किफायती होने की वजह से यहां के फर्नीचर ग्राहकों की पहली पसंद है।



### आज श्री बालाजी हॉस्पिटल का अमासीकॉन-2023 का आयोजन

**रायपुर।** मध्यभारत में पहली बार इतने भव्य स्तर पर कल से एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ सर्जन एसोसिएशन एवं श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के संयुक्त तत्वाधान मे अमासीकॉन-2023 में देश-विदेश के 1600 से अधिक डॉक्टर मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज में एकत्र होंगे और यहां वे नई तकनीक और एडवांस रोबोटिक सर्जरी के बारे में जानकारी साझा करेंगे। एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन ऑफ इंडिया (अमासी) के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र नायक ने बताया कि इसमें विशेष रूप से डॉ. सी.पलानीवेल्लु, डॉ. वर्गीसी सीजे और डॉ. रमेश अर्धनारी समेत अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में करीब 150 मरीजों की निःशुल्क सर्जरी हॉस्पिटल में इन सर्जन के द्वारा की जायेगी। इसके लिए मरीजों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है। ये कांफ्रेंस 2 से 5 नवंबर तक होगा और 3 और 4 नवंबर को मरीजों की सर्जरी होगी।

### आईआरबी इन्फ्रा ट्रस्ट ने 6,400 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली। आईआरबी के निजी इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने तीन राज्यों में स्थित पांच परियोजनाओं के लिए लगभग 6,400 करोड़ रुपये का पुनर्वित्तपोषण जुटा लिया है। ये परियोजनाएं बनाओ-चलाओ-हस्तांतरित (बीओटी) करो मॉडल पर आधारित हैं। इनमें से दो-दो परियोजनाएं महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में जबकि एक राजस्थान में है। आईआरबी ने बयान में कहा, निजी इनविट ने लगभग 6,400 करोड़ रुपये से अपनी पांच बीओटी परिसंपत्तियों के लिए पुनर्वित्तपोषण प्रक्रिया पूरी कर ली है।" इसमें कहा गया कि नई ब्याज दर 8.6 प्रतिशत रहेगी जबकि पहले यह 9.7 प्रतिशत थी। इससे अगले पांच साल में कंपनी को 1,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक वीरेंद्र डी म्हैस्कर ने कहा, "हमारी निजी इनविट के अंतर्गत संचालित पांच बीओटी परिसंपत्तियों की पुनर्वित्तपोषण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।"

**पिछले साल समान महीने में बिजली की खपत 113.94 अरब यूनिट**

# बिजली की खपत 22 प्रतिशत बढ़कर 138.94 अरब यूनिट पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में बिजली की खपत अक्टूबर में त्योहारों और आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से सालाना आधार पर लगभग 22 प्रतिशत बढ़कर 138.94 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल समान महीने में बिजली की खपत 113.94 अरब यूनिट रही थी, जबकि अक्टूबर, 2021 में यह 112.79 अरब यूनिट रही थी।

अक्टूबर में अधिकतम दैनिक बिजली आपूर्ति बढ़कर 221.62 गीगावाट रही। पिछले साल इसी महीने में यह 186.90 गीगावाट रही जबकि अक्टूबर, 2021 में यह 174.44 गीगावाट रही थी। बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि देश में बिजली की मांग गर्मियों के दौरान 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। हालांकि, बेमौसम बारिश के कारण मांग इस आंकड़े तक नहीं पहुंची। हालांकि, एक दिन में सबसे ऊंचा बिजली की आपूर्ति इस बार जून में 224.1 गीगावाट की नई ऊंचाई पर पहुंच गई, जिसके बाद जुलाई में यह 209.03 गीगावाट रह गई। अगस्त में यह 238.19 गीगावाट अगस्त में हो गई, वहीं सितंबर में यह 240.17 गीगावाट हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल बिजली खपत मार्च, अप्रैल, मई और जून में बारिश के कारण प्रभावित हुई है।



### रुपया नौ पैसे टूटकर 83.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को नौ पैसे गिरकर 83.33 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी प्रतिद्वंद्वी मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों के नकारात्मक रुख और पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.26 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 83.26 के उच्चस्तर एवं 83.35 के निचले स्तर को भी छुआ। अंत में रुपया नौ पैसे गिरकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया मंगलवार को 83.24 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

### सहेली ज्वेलर्स में शानदार ऑफर्स के साथ डायमंड एंड पोल्की प्रदर्शनी आज



**रायपुर।** सदर बाजार स्थित सहेली ज्वेलर्स में 2 से 5 नवंबर तक डायमंड एन्ड पोल्की प्रदर्शनी होने जा रही है। इस प्रदर्शनी में डायमंड एवं पोल्की के आभूषणों की बड़ी कलेक्शन के साथ शानदार ऑफर्स रखे गए है। पुष्य नक्षत्र, धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर यहाँ आपको सोना बाजार रेट से 2500 रुपए कम में मिलेगा। इस प्रदर्शनी में गोल्ड रेट 53990 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा एवं हीरों व पोल्की के आभूषणों पर 0% मेकिंग चार्ज रहेगा। बिना मेकिंग चार्ज के पोल्की एवं डायमंड की ज्वेलरी खरीदने का ये सबसे सुनहरा अवसर है। साथ ही मार्केट से 2500 रुपये कम गोल्ड रेट के साथ ही सहेली ज्वेलर्स आपके त्यौहार में चार चाँद लगाने को तैयार है। इस फेस्टिवल में ग्राहकों के पास बड़े डिस्काउंट और ऑफर्स के साथ डायमंड एवं पोल्की के सेट, ब्रेसलेट, तनमानिया, बैंगल और रिंग खरीदने का सुनहरा अवसर है। सहेली ज्वेलर्स में आपको बहुत ही कम रेंज में आभूषणों की बड़ी कलेक्शन देखने को मिलेगी। इस ज्वेलरी प्रदर्शनी में हर वर्ग के लोगों के साथ ही हर मौके जैसे वर्किंग, ओकेजनल, डेलीवेयर के लिए आभूषण उपलब्ध कराया गया है। यहाँ पर आपको डायमंड ज्वेलरी डिजाइन का विशाल कलेक्शन देखने को मिलेगा।

**पेट्रोल की बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 28.7 लाख टन**

# त्योहारी सीजन में बढ़ी पेट्रोल, डीजल की खपत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन की शुरुआत से अक्टूबर में वाहन ईंधन पेट्रोल और डीजल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मांग घटी थी। दूसरे पखवाड़े में मांग सालाना आधार पर तेजी से बढ़ी, जिससे कंपनियों को महीने के लिए एक निश्चित वृद्धि दर्ज करने में मदद मिली। सार्वजनिक क्षेत्र के तीनों ईंधन खुदरा विक्रेताओं की पेट्रोल की बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 28.7 लाख टन हो गई, जबकि डीजल की खपत पांच प्रतिशत बढ़कर 69.1 लाख टन रही। अक्टूबर के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और डीजल की बिक्री 3.2 प्रतिशत घटी थी। हालांकि दुर्गा पूजा/दशहरा जैसे त्योहारों के कारण मांग में सुधार हुआ। पिछले साल दुर्गा पूजा/दशहरा के साथ-साथ दिवाली भी अक्टूबर में थी।

### एटीएफ की भारी मांग

हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ने के बीच विमान ईंधन एटीएफ की मांग अक्टूबर में 6.9 प्रतिशत बढ़कर 6,21,200 टन पर पहुंच गई। अक्टूबर, 2021 की तुलना में यह 38.3 प्रतिशत अधिक रही। वहीं कोविड-पूर्व यानी अक्टूबर, 2019 की तुलना में यह 5.9 प्रतिशत कम रही। मासिक आधार पर जेट ईंधन की मांग अक्टूबर में करीब तीन प्रतिशत अधिक रही। सितंबर, 2023 में विमान ईंधन की मांग 6,03,600 टन रही थी।




### एलपीजी की खपत 24.9 लाख टन

रसोई गैस यानी एलपीजी की बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत बढ़कर 24.9 लाख टन पर पहुंच गई। अक्टूबर, 2021 की तुलना में एलपीजी की खपत 2.8 प्रतिशत और कोविड-पूर्व की अवधि यानी अक्टूबर, 2019 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक रही। मासिक आधार पर एलपीजी की मांग 1.9 प्रतिशत बढ़ी। सितंबर में एलपीजी की मांग 26.7 लाख टन रही थी।

### 44 प्रतिशत उछाल

अक्टूबर के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की बिक्री 11.7 लाख टन थी, जो दूसरे पखवाड़े में 44 प्रतिशत अधिक रही। देश में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की खपत एक से 15 अक्टूबर के बीच 29.9 लाख टन थी और दूसरे पखवाड़े में यह 39.1 लाख टन रही। मासिक आधार पर इसमें 18.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सितंबर में यह 58.2 लाख टन थी।

### डीजल की बिक्री में मामूली बढ़त

डीजल की बिक्री आमतौर पर मानसून के महीनों में गिर जाती है क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र की मांग घट जाती है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमश: 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी। इसकी वजह यह है कि उस समय खेती के लिए डीजल की मांग में उछाल आया था। इसके अलावा गर्मी से बचने के लिए वाहनों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ा था। हालांकि, मानसून के आगमन के बाद जून के दूसरे पखवाड़े से डीजल की मांग घटने लगी थी।

# भारत का चैंपियन सा जोश, लगातार 6 मैचों से अजेय, फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका से मैच आज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बारह बरस पहले इसी मैदान पर खिताब जीतकर एक अरब देशवासियों को अप्रैल में दीवाली मनाने का मौका देने वाली भारतीय टीम एक बार फिर गुरुवार को उसी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका से विश्व कप का लीग मैच खेलेगी तो इस बार मुकाबला निहायत ही बेमेल होगा। विश्व कप 2011 का फाइनल जहां बराबरी का मुकाबला था, वहीं इस बार की टक्कर बेमेल होगी। तीसरे खिताब की ओर अग्रसर भारतीय टीम जबर्दस्त फॉर्म में है तो श्रीलंका हार दर हार से बेजार है। लगातार छह मैच जीत चुकी भारतीय टीम को सही मायने में अब तक कोई चुनौती नहीं मिली है। भारत ने हर विभाग में एक चैंपियन की तरह प्रदर्शन किया है।



### चेस कर जीता भारत

आत्मविश्वास के उफान का कारण यह भी है कि कठिन हालात से भारत ने वापसी करके जीत दर्ज की है मसलन चेन्नई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच रन पर तीन विकेट गंवाना हो या इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में नौ विकेट पर 229 रन के साधारण स्कोर के बावजूद जीत दर्ज करना हो। इसने विरोधी टीमों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है कि रोहित शर्मा की टीम का सामना करने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### शमी की शानदार वापसी

हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी को मौका दिया गया जिन्होंने दो मैचों में नौ विकेट लेकर चयनकर्ताओं के लिए सुखद सिरदर्द पैदा कर दिया है। कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ को पता है कि शमी को आगे के बड़े मुकाबलों के लिए सुरक्षित रखना होगा।

### घर में गरजेंगे रोहित

रोहित, सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर का भी यह घरेलू मैदान है। इस विश्व कप में 66.33 की औसत से भारत के लिए सर्वाधिक 398 रन बना चुके रोहित अपने बल्ले से रनों की बौछार करके घरेलू दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना चाहेंगे।



### युवा कर रहे निराश

पंड्या की वापसी को लेकर अभी कोई समाचार नहीं है लेकिन भारत की युवा ब्रिगेड का प्रदर्शन जरूर चिंता का सबब है। लगातार अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप में आए शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। गिल को अपना विकेट फेंकने से बचना होगा। \अय्यर ने छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है । कई मौकों पर वह फिनिशर की भूमिका निभाने में नाकाम रहे। अब अपने घरेलू मैदान पर पिछली नाकामियों को भुलाकर उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### श्रीलंकाई टीम नाकाम

क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंकाई टीम विश्व कप में नाकाम रही। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों और अनुपलब्धता ने उसकी परेशानी और बढ़ा दी है। श्रीलंका के लिए सदीरा समरविक्रमा ने छह मैचों में सर्वाधिक 331 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक शामिल है। पाथुम निसांका ने भी इस साल एक हजार से अधिक वनडे रन बनाए हैं। विश्व कप में उन्होंने लगातार चार अर्धशतक जड़े हैं। कप्तान कुसल मेंडिस और एंजेलो मैथ्यूज के रूप में श्रीलंका के पास मैच विनर खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदश्रन किया है लेकिन अनुभव के अभाव में भारतीय बल्लेबाज उनके लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे।

## खबर संक्षेप



### वनडे में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बने शाहीन अफरीदी

**कोलकाता।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए जो उनके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अफरीदी ने सात पायदान की छलांग लगाकर आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में पाकिस्तान की जीत में अफरीदी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। इसी मैच में उन्होंने 100वां वनडे विकेट भी लिया। भारत के मोहम्मद सिराज रैंकिंग में तीसरे और स्पिनर कुलदीप यादव सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं। भारत के शुभमन गिल दूसरे, रोहित शर्मा पांचवें और विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं।

### दिल्ली, मुंबई के मैचों में आतिशबाजी नहीं



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने दिल्ली और मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण इन दोनों शहरों में विश्व कप मैचों के दौरान आतिशबाजी पर रोक लगा दी है। दिल्ली में एक ही मैच बचा है जब छह नवंबर को श्रीलंका और बांग्लादेश आमने सामने होंगे। मुंबई में दो और सात नवंबर को लीग मैच और 15 नवंबर को सेमीफाइनल होना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'बीसीसीआई पर्यावरण से जुड़े मसलों को लेकर काफी संवेदनशील है। हमने आईसीसी से बात की है और मुंबई में कोई आतिशबाजी नहीं होगी।'

### अल्काराज पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में हारकर बाहर



**पेरिस।** सत्र को शीर्ष रैंकिंग के साथ अलविदा कहने की स्पेन के कार्लोस अल्काराज की उम्मीदों को करारा झटका लगा जब पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में उन्हें क्वालीफायर रोमन सफिउलिन ने 6-3, 6-4 से हरा दिया। चोट के बाद वापसी करने वाले अल्काराज ने मैच में 21 के मुकाबले 27 सहज गलतियां की। वह तीन सप्ताह पहले शंघाई मास्टर्स में भी चौथे दौर से बाहर हो गए थे और बाएं पैर की चोट के कारण स्विस इंडोर्स नहीं खेले थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रेइ रूबलेव ने योशिहितो निशिओका को 6-4, 6-3 से हराया जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने लाज्लो जेरे को 6-4, 7-5 से मात दी। पेरिस मास्टर्स से पहले ही नोवाक जोकोविच, अल्काराज, दानिल मेदवेदेव, जानिक सिनेर और रूबलेव सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

## विश्व कप : एक सत्र में 82 छक्के लगाकर टीम ने बनाया रिकॉर्ड


# दक्षिण अफ्रीका जीता, 9वीं बार 350 पार, न्यूजीलैंड को 190 रनों से हराया

एजेंसी ▸▸ पुणे

भारत की मेजबानी में खेला जा रहा वनडे वर्ल्ड कप 2023 अब काफी ज्यादा रोमांचक हो चला है। बुधवार को खेले गए मैच में न्यूजीलैंड को 190 रनों से हराकर दक्षिण अफ्रीका तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप में 9वीं बार 350 के पार का स्कोर खड़ा किया। अफ्रीका की टीम अब वनडे वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई है। अभी तक कुल 82 सिक्स जमा चुके हैं।

टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड टीम ने लगातार तीसरा मैच गंवा दिया है। इस जीत के साथ ही अफ्रीकी टीम के 12 अंक हो गए हैं और वो अब टॉप पर काबिज होने के साथ लगभग सेमीफाइनल में भी पहुंच गई है। भारतीय टीम भी 12 अंक के साथ दूसरे नंबर पर फिसल गई है। पुणे में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 358 रनों का टारगेट मिला था। इसके जवाब में पूरी कीवी टीम 35.3 ओवरों में ही 167 रनों पर सिमट गई। अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने 4 और मार्को जानसेन ने 3 विकेट झटके।

मैच में अफ्रीकी टीम टॉस हारकर पहले बैटिंग के लिए उतरी और 4 विकेट गंवाकर 357 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। रासी वेन डेर डुसेन ने 118 गेंदों पर 133 रनों की धांसू पारी खेली। जबकि क्विंटन डिकॉक ने 116 गेंदों पर 114 रन बनाए।




### ऑस्ट्रेलिया की बराबरी

50 ओवर के विश्व कप में सबसे ज्यादा बार 350 प्लस का स्कोर पार करने के मामले में दक्षिणअफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया की बराबरी कर डाली है। अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप में 9वीं बार 350 के पार का स्कोर खड़ा किया। कंगारू टीम ने भी इतनी ही बार वर्ल्ड कप में 350 से ज्यादा का टारगेट सेट किया है। भारत ने यह कारनामा चार बार किया है।

### डिकॉक के 7 मैचों में 545 रन

क्विंटन डिकॉक के नाम अब वर्ल्ड कप 2023 में खेले 7 मैचों में 545 रन दर्ज हो गए हैं। 50 ओवर के विश्व कप में डिकॉक 500 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले अफ्रीका के पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। डिकॉक से पहले यह रिकॉर्ड जैक कैलिस के नाम था, जिन्होंने विश्व कप के एक सीजन में अफ्रीका की ओर से 485 रन साल 2007 में बनाए थे। वहीं, एबी डिविलियर्स ने 2015 में 482 रन कूटे थे। डिकॉक ने दोनों ही दिग्गज खिलाड़ियों को एकसाथ पीछे छोड़ दिया है।

**शीर्ष स्कोरर**



क्विंटन डिकॉक
545 रन
दक्षिण अफ्रीका

**शीर्ष विकेट टेकर**



एडम जम्पा
16 विकेट
ऑस्ट्रेलिया

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 |
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 |
| न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 3 | 8 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का फिलिप्स बो साउदी | 114 | 116 | 10 | 3 |
| बावुमा का मिचेल बो बोल्ट | 24 | 28 | 4 | 1 |
| वान डेर डुसेन बो साउदी | 133 | 118 | 9 | 5 |
| मिलर का मिचेल बो नीशाम | 53 | 30 | 2 | 4 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 15 | 07 | 1 | 1 |
| एडेन मार्कराम नाबाद | 06 | 01 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 50 ओवर में 357/4

गेंदबाजी : बोल्ट 10-1-49-1, हेनरी 5.3-0-31-0, साउदी 10-0-77-2, सेंटनेर 10-0-58-0, फिलिप्स 7-0-52-0, रविंद्र 2-0-17-0, नीशाम 5.3-0-69-1.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे का मार्कराम बो यानसन | 02 | 06 | 0 | 0 |
| यंग का डिकॉक बो कोएत्जी | 33 | 37 | 5 | 0 |
| रविंद्र का कोएत्जी बो यानसन | 09 | 16 | 1 | 0 |
| मिचेल का मिलर बो महाराज | 24 | 30 | 4 | 0 |
| लैथम का महाराज बो रबाडा | 04 | 15 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का रबाडा बो कोएत्जी | 60 | 50 | 4 | 4 |
| मिशेल सैंटनर बो महाराज | 07 | 18 | 1 | 0 |
| साउदी पगबाधा बो यान्सन | 07 | 11 | 1 | 0 |
| जिमी नीशम बो महाराज | 00 | 08 | 0 | 0 |
| बोल्ट का मिलर बो महाराज | 09 | 14 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी नाबाद | 00 | 09 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 35.3 ओवर में 167/10

गेंदबाजी : यानसन 8-1-31-3, एनगिडी 6-1-28-0, रबाडा 6-2-16-1, कोएत्जी 6.3-0-41-2, महाराज 9-0-46-4.

## एशियाई चैंपियनशिप



# ऐश्वर्य ने एशियाई निशानेबाजी में जीता स्वर्ण और रजत पदक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम वर्ग में रजत पदक जीता।

बाईस वर्ष के तोमर ने 463.5 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता। चीन के तियान जियामिंग को रजत और डु लिंशू को कांस्य पदक मिला। तोमर क्वालिफिकेशन में 591 अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे थे। तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योरान ने टीम वर्ग में 1764 अंक लेकर रजत पदक जीता। चीन की टीम उनसे तीन अंक आगे रही। इस वर्ग में भारत कुसाले और श्योराण के जरिए पहले ही अधिकतम दो ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है।

### एआईएफएफ को मिला एएफसी कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को देश में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास के लिए एएफसी अध्यक्ष मान्यता कांस्य पदक दिया गया है। यह इस वर्ग में एआईएफएफ का दूसरा पुरस्कार है। उसे 2014 में भी यह सम्मान मिला था। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने दोहा में मंगलवार की रात पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'भारतीय फुटबॉल के लिए यह अच्छी उपलब्धि है। हम भारत में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास के लिए काम करते रहेंगे।' एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एआईएफएफ ब्लू कब्स कार्यक्रम, ब्लू कब्स फुटबॉल स्कूल, ग्रासरूट पुरस्कर और गैर पेशेवर संस्थाओं के लिए लीग से भारतीय फुटबॉल के विकास में काफी मदद मिली है।

### सबालेंका को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में



**कैंकुन।** अमेरिका की जेसिका पेगुला ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर डब्लुटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पेगुला ने शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच वर्ग के इस आखिरी टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन लीग मैच में 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना ने मारिया सक्कारी को 6-0, 6-7, 7-6 से हराया। अब सबालेंका का सामना रिबाकिना से होगा। दोनों की टक्कर जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में भी हुई थी जो सबालेंका ने जीता था।

# वानखेड़े में सचिन के स्टैच्यू का अनावरण

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत की मेजबानी में वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेला जा रहा है। इसी के तहत भारतीय टीम को अपना 7वां मुकाबला गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है। मगर उससे पहले एक मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने वानखेड़े में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का इनॉगरेशन किया। सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का यह इनॉगरेशन प्रोग्राम एक दिन पहले यानी बुधवार की शाम को किया गया।




### 'बाजबॉल' को कोलिंस शब्दकोश में मिली जगह

**लंदन।** इंग्लैंड की टीम द्वारा टेस्ट टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम की निगरानी में अपनाए बेफिक्र और आक्रामक रवैये के लिए उपयोग किए जाने वाले शब्द 'बाजबॉल' को कोलिंस शब्दकोश में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज मैकुलम का उपनाम बाज है। उन्होंने में 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच पद संभाला था। इस साल एशेज श्रृंखला के दौरान बाजबॉल शब्द का काफी उपयोग किया गया था। इंग्लैंड ने शुरू में 0-2 से पिछड़ने के बाद यह श्रृंखला 2-2 से बराबर की थी। शब्दकोश में बाजबॉल को एक संज्ञा के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। शब्दकोश में इसका अर्थ 'टेस्ट क्रिकेट की एक शैली जिसमें बल्लेबाजी पक्ष अत्यधिक आक्रामक तरीके से खेलकर बढ़त हासिल करने का प्रयास करता है' दिया गया है।

# वीरधवल खाड़े का घरेलू तैराकी से स्वर्णिम संन्यास

एजेंसी ▸▸ पणजी



भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया। बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया। खाड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर भारत का 24 साल का इंतजार खत्म किया था। खाड़े ने कहा, 'मैंने 2001 में गोवा में ही अपना पहला राष्ट्रीय पदक जीता था और आज अपने आखिरी राष्ट्रीय खेल में फिर स्वर्ण पदक जीता है। उस समय मैंने सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। मैं अपने कोचों और इस सफर में साथी रहे सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।' खाड़े ने चोट के कारण कुछ समय दूर रहने के बाद 2018 में वापसी करके टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने कहा, 'दिल से मैं अभी भी जवान हूं लेकिन शरीर थक गया है। इतने साल बीत गए और अब रिकवरी उतनी तेजी से नहीं होती।'

# घूमने का है शौक तो इन शहरों की करें सैर, प्राकृतिक सुंदरता के साथ मिलेगी साफ आबोहवा

इन दिनों दिल्ली-एनसीआर व आसपास के शहरों में लोग जहरीली हवा से काफी ज्यादा परेशान हैं। वहीं कुछ लोगों को धूल, प्रदूषण से एलर्जी होती है या फिर अस्थमा की समस्या है। ऐसे लोगों के लिए दूषित हवा काफा ज्यादा हानिकारक साबित हो सकती है। ऐसे में अगर आपके शहर में भी जहरीली हवा है, तो आप किसी ऐसी जगह पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। जहां की आबोहवा साफ है। इन शहरों की खासियत है कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों का मन मोह लेती है। ऐसे में अगर आप भी शुद्ध हवा में सांस लेना चाहते हैं। तो हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देश के उन शहरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां कि हवा सबसे ज्यादा साफ है। तमिलनाडु का शहर पुडुचेरी एक शांत जगह है। यह शहर ना सिर्फ शांति बल्कि अपनी साफ हवा-पानी के लिए भी जाना जाता है। पुडुचेरी में आप खाना, योगा सेशन, सर्फिंग और कोरल बीच में गोताखोरी आदि चीजों को भी एन्जॉय कर सकते हैं। बता दें कि तमिलनाडु के इस शहर को देश के पॉल्यूशन फ्री डेस्टीनेशन में गिना जाता है। हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती से तो आप सभी वाकिफ होंगे। ऐसे में हिमाचल का किन्नोर शहर एक टूरिस्ट स्पॉट है। किन्नोर शहर की प्राकृतिक खूबसूरती पर्यटकों का मन मोह लेती है। साथ ही यहां की हवा की काफी साफ है। ऐसे में आप अपनी बेहतर सेहत के लिए कुछ दिनों के लिए यहां आ सकते हैं। बता दें कि केरल का शहर कोल्लम भी अपनी साफ हवा के लिए जाना जाता है। भारत का यह बंदरगाह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां वायु प्रदूषण भी काफी कम है। वहीं पानी की गुणवत्ता भी काफी अच्छी है। कोल्लम को भारत के सबसे साफ हवा वाले शहरों में गिना जाता है। यहां पर आकर आप खूबसूरत बीच का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सिक्किम एक बेहद खूबसूरत राज्य है। वहीं सिक्किम का गंगटोक शहर भी फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां पर आप बेहद करीब से बर्फ से ढका हिमालय देख सकते हैं। भारत के सबसे कम प्रदूषित शहरों में गंगटोक का नाम भी शामिल है। कर्नाटक का हासन शहर भी शांत और शुद्ध हवा के लिए जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 2016 में इसे भारत का तीसरा सबसे कम प्रदूषित शहर घोषित किया था।

## गोल्फ कार्ट से गिरकर कनकशन के हुए शिकार

# मैक्सवेल चोटिल, इंग्लैंड के खिलाफ मैच से हटे

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरकर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चार नवंबर को विश्व कप का लीग मैच नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा, 'क्लबहाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गया। उसे सिर में चोट लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा और वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।' वह आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी हैं जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंदों में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था।



न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाये थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा, 'विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह छह से आठ दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।'


### मैट हेनरी को हैमस्ट्रिंग चोट

**पुणे।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को विश्व कप के मैच में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। उन्हें दक्षिण अफ्रीका की पारी में 27वें ओवर में चोट लगी। वह अपने छठे ओवर की तीन गेंद डाल चुके थे जिसके बाद वह दर्द से कराहते हुए मैदान से चले गए। न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने उनकी हैमस्ट्रिंग में पट्टी बांधी लेकिन वह गेंदबाजी जारी नहीं रख सके।न्यूजीलैंड टीम ने एक्स पर लिखा कि हेनरी के दाहिने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है और आगे जांच के बाद वह इस समय मैदान पर नहीं उतरेंगे। अभी यह पता नहीं है कि जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी कर पाएंगे या नहीं। न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्युसन, मार्क चैपमैन और केन विलियमसन भी चोट के कारण बाहर हैं।



# रैपिड रक्त जांच से

## बच्चों में टीबी का निदान संभव



नयी दिल्ली (भाषा)। अब एक आसान और रैपिड रक्त जांच की मदद से बच्चों में तपेदिक (टीबी) का सटीक तरीके से पता लगाया जा सकेगा। भारत सहित पांच देशों में किए गए एक अध्ययन के निष्कर्षों से इसका खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, हर साल दुनियाभर में करीब 2,40,000 बच्चों की तपेदिक से मौत होती है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के 10 प्रमुख कारणों में यह बीमारी भी शामिल है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि तपेदिक से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में अक्सर इस बीमारी का पता न लग पाना या फिर समय पर निदान नहीं हो पाना है, खासतौर पर उन क्षेत्रों में जहां संसाधन बहुत सीमित हैं। 'द लांसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल' में इस नयी जांच के बारे में बताया गया है, जो तपेदिक के निदान में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शा रही है। यह अध्ययन पांच देशों में व्यापक स्तर पर किया गया है। तपेदिक की जांच आमतौर पर निचले वायुमार्ग में बनने वाले बलगम के सूक्ष्मजीवविज्ञानी विश्लेषण के आधार पर की जाती है हालांकि, बच्चों से इस तरह के नमूने लेना काफी मुश्किल होता है। जर्मनी स्थित 'लडविग मैक्सीमिलियन यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख'




की शोधकर्ता लॉरा ओल्ब्रिच ने कहा, 'इसलिए नयी जांच की तत्काल जरूरत है।'ओल्ब्रिच ने बताया कि इस जांच की यह खूबी है कि रक्त का नमूना सिर्फ आपकी अंगुली से लिया जा सकता है और इसका परिणाम बहुत जल्दी आ जाता है। उन्होंने कहा, 'हमें सिर्फ एक घंटे के भीतर परिणाम मिल जाता है। जबकि अन्य जांच में नमूनों को विश्लेषण के लिए दूसरी प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है।' शोधकर्ताओं ने यह जांच 'आरएपीएईडी-टीबी' तपेदिक अध्ययन के हिस्से के रूप में की, जिसे एलएमयू यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, म्यूनिख के शोधकर्ता नॉर्बर्ट हेनरिक के नेतृत्व में किया गया। इस अध्ययन को दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक, तंजानिया, मलावी और भारत में मौजूद सहयोगियों की मदद से किया गया।

अध्ययन में 15 साल से कम उम्र के कुल 975 बच्चे शामिल थे, जिन्हें तपेदिक होने का संदेह था। इस जांच की सटीकता का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक मानकीकृत संदर्भ जांच के माध्यम से बच्चों में टीबी है या नहीं इसका पता लगाने का प्रयास किया। यह जांच बलगम के विश्लेषण और जीवाणु की प्रवृति के आधार पर किया गया था। ओल्ब्रिच ने बताया, '90 प्रतिशत सटीकता के साथ जांच में करीब 60 प्रतिशत बच्चों के तपेदिक का शिकार होने की बात सामने आई। इसलिए इस जांच को अन्य सभी परीक्षणों की तुलना में बेहतर माना गया है।'

# स्ट्रोक कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन

मुंबई (वार्ता)। मुंबई स्ट्रोक सोसाइटी ने भारत में स्ट्रोक के बढ़ते प्रसार से निपटने के लिए स्ट्रोक कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया। वर्ष 2006 में विश्व स्ट्रोक संगठन द्वारा शुरू किए गए विश्व स्ट्रोक दिवस का उद्देश्य स्ट्रोक की गंभीरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निवारक और उपचार उपायों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष के विश्व स्ट्रोक दिवस की थीम,'स्ट्रोक से भी बेहतर बनें', स्ट्रोक की रोकथाम के महत्व को रेखांकित करती है। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा समर्थित मुंबई स्ट्रोक सोसाइटी के स्ट्रोक




कॉन्क्लेव 2023 ने जागरूकता बढ़ाने और उपचार के लिए सुविधाएं स्थापित करने में स्वास्थ्य पेशेवरों, आम जनता, सरकारी संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मुंबई स्ट्रोक सोसाइटी के सचिव डॉ. पवन ओझा ने कहा, 'यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसी दुनिया के लिए प्रयास करें जहां स्ट्रोक को रोका जा सके और इलाज किया जा सके। साथ मिलकर, हम स्ट्रोक से बेहतर हो सकते हैं।' न्यूरोलॉजिस्ट और मुंबई स्ट्रोक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. शिरीष हस्तक ने कहा, 'लगभग 75 समर्पित न्यूरोलॉजिस्ट के साथ, हमारा समाज शिक्षा और बढ़ती जागरूकता के माध्यम से परिवर्तन लाने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

# ऋतिक रोशन ने


## प्रेमिका सबा आज़ाद को बर्थडे विश किया



**मुंबई (आईएएनएस)। सबा आजाद बुधवार को 38 साल की हो गई हैं। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने अपनी प्रेमिका सबा आजाद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। एक्टर ने तस्वीर के साथ अपनी प्रेमिका के लिए एक प्यारा सा नोट लिखा और कहा कि एक्ट्रेस-सिंगर के साथ घर जैसा महसूस होता है। ऋतिक रोशन ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की। तस्वीर में दोनों एक सीढ़ी पर बैठे नजर आ रहे हैं। सबा ने ऋतिक का हाथ थामा हुआ है और दोनों कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। ऋतिक रोशन ने तस्वीर का कैप्शन लिखा, हम सभी उस जगह की तलाश में हैं, जहां आप खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। वह जगह जहां हम दोनों एक दूसरे के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर कर सकते हैं। वह जगह जहां पर हम दोनों चिल्लाते हुए एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं।**

# नंदिनी दास ने

## ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज जीता



लंदन (भाषा)। भारत में जन्मी लेखिका नंदिनी दास को उनकी पुस्तक 'कोर्टिंग इंडिया: इंग्लैंड, मुगल इंडिया एंड द ओरिजिन्स ऑफ एम्पायर' को लेकर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग के लिए 2023 ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज पुरस्कार का विजेता नामित किया गया है। यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गैर-गल्प पुरस्कार है जिसमें इनाम के तौर पर 25,000 पाउंड की राशि दी जाती है। ब्रिटेन स्थित लेखिका का नाम मंगलवार शाम को लंदन में ब्रिटिश अकादमी के एक समारोह में विजेता के रूप में घोषित किया गया। दास की यह किताब, 'मुगल दरबारों में इंग्लैंड के पहले राजनयिक अभियान के माध्यम से बताई गई ब्रिटेन और भारत की सच्ची मूल कहानी' का वर्णन करती है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत दास (49) ने 17वीं शताब्दी में भारत में इंग्लैंड के पहले राजदूत सर थॉमस रो के आगमन की कहानी के माध्यम से साम्राज्य की उत्पत्ति पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

जूरी प्रमुख प्रोफेसर चार्ल्स ट्रिप ने कहा,'भारत और ब्रिटेन की राजनीतिक हस्तियों, अधिकारियों और व्यापारियों के समकालीन स्त्रोतों का उपयोग कर उन्होंने कहानी को एक अद्वितीय तात्कालिकता दी है जो इस दौरान हुई शुरुआती गलतफहमियों को जीवंत कर देती है।'

# अब्बास-मस्तान की एक्शन फिल्म में काम करेंगे सनी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनता सनी देओल निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान की एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। गदर 2 की सफलता के बाद सनी देओल,आमिर खान के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म 'लाहौर 1947'में काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे। बताया जा रहा है कि सनी देओल, इसके अलावा अब्बास-मस्तान के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म को विशाल राणा प्रोड्यूस कर रहे है।



कहा जा रहा है कि अब्बास मस्तान- सनी देओल के बीच एक लंबे समय से एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी, अब फाइनली चीजें सही जगह पर है। ये एक बिग स्केल एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है, जो ट्विस्ट एंड टर्न से भरपूर होगी। मेकर्स ने सनी देओल स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म का प्री-प्रोडक्शन वर्क शुरू कर दिया है। यह फिल्म साल 2024 की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी।

# 50 वर्ष की हुईं ऐश्वर्या राय



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय आज 50 वर्ष की हो गईं। ऐश्वर्या का जन्म 01 नवम्बर 1973 को मैंगलोर में हुआ। कुछ वर्ष के बाद उनका परिवार मुंबई आ गया जहां उन्होंने अपनी प्रांरभिक शिक्षा पूरी की। बचपन में उनका रूझान वास्तुकार बनने की ओर था लेकिन बाद में उनका रूझान मॉडलिंग इंडस्ट्री की ओर हो गया। वर्ष 1994 में ऐश्वर्या राय ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जहां उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब से नवाजा गया ।

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय सुंदरता का परचम पूरी दुनिया में लहराते हुए वह रीता फारिया के बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय सुंदरी बनीं। इस प्रतियोगिता में उन्हें मिस फोटोजेनिक के खिताब से भी नवाजा गया। प्रतियोगिता को जीतने के बाद ऐश्वर्या राय ने सामाजिक सरोकार से जुड़े कई क्षेत्रों में काम किया और इस दौरान उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1997 में ऐश्वर्या ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'इरूअर' से की। इसी वर्ष ऐश्वर्या ने बॉलीवुड में भी कदम रखा और बॉबी देओल के साथ 'और प्यार हो गया' में काम किया। दुर्भाग्य से यह फिल्म टिकट खिड़की पर विफल रही। इसके बाद 1998 में ऐश्वर्या ने एस.शंकर की तमिल फिल्म 'जीन्स' में काम किया।

इस फिल्म की व्यावसायिक सफलता के बाद ऐश्वर्या राय फिल्म इंडस्ट्री में कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गईं। वर्ष 1999 में संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' ऐश्वर्या के सिने कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। सलमान खान और अजय देवगन जैसे मंझे हुये सितारों की मौजूदगी में भी ऐश्वर्या ने फिल्म में .नंदिनी. के किरदार को रूपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित की गईं। वर्ष 1999 में ही ऐश्वर्या राय को प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक सुभाष घई की फिल्म 'ताल' में काम करने का अवसर मिला। फिल्म में ऐश्वर्या ने एक ऐसी ग्रामीण लड़की .मानसी. का किरदार निभाया जो पॉप सिंगर बनने का सपना देखा करती है। इस फिल्म ने खासकर अमरीका में टॉप 20 फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये भी नामांकित की गईं।

वर्ष 2000 ऐश्वर्या राय के सिने कैरियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी फिल्म 'जोश' आई जिसमें उन्होंने शाहरूख खान की बहन की भूमिका निभायी। इसके साथ ही ऐश्वर्या राय की 'हमारा दिल आपके पास है' और 'मोहब्बतें' जैसी कामयाब फिल्में भी प्रदर्शित हुईं। वर्ष 2002 में ऐश्वर्या राय को शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के मशहूर उपन्यास.देवदास.पर बनी फिल्म में काम करने का अवसर मिला। संजय लीला भंसाली की इसी नाम से बनी फिल्म में ..पारो.. के अपने किरदार से उन्होंने दर्शको का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिये दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गईं। इस फिल्म को कान्स फिल्म समारोह में विशेष स्क्रीनिंग के दौरान दिखाया भी गया। वर्ष 2003 में ऐश्वर्या ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और फिल्म 'दिल का रिश्ता' का निर्माण किया लेकिन यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नही रही। वर्ष 2004 में ऐश्वर्या को गुरिन्दर चड्ढा की अंग्रेजी फिल्म 'प्राइड एंड प्रीजुडिस' और राज कुमार संतोषी की फिल्म 'खाकी' में सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म में ऐश्वर्या ने अपने सिने कैरियर में पहली बार नेगेटिव किरदार निभाया जो सिने दर्शको को काफी पसंद आया।

# सुनील शेट्टी ने विराट कोहली को बताया 'मास्टर ऑफ चेजिंग'



मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर और भारत के आक्रामक बल्लेबाज विराट कोहली के बारे में बात की। एक्टर ने कोहली को 'मास्टर ऑफ चेजिंग' बताया है। एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल में एक मीडिया कार्यक्रम में कंटेंट क्रिएटर निहारिका एनएम से बात की। अपने पसंदीदा क्रिकेटर के बारे में बात करते हुए एक्टर ने बताया कि आज के समय में मेरे पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली हैं। केएल मेरा बेटा है। विराट लक्ष्य का पीछा करने (मास्टर ऑफ चेजिंग) में माहिर हैं। मार्शल आर्ट ने उन्हें धुन (ट्यून) में रहने में कैसे मदद की है, इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मार्शल आर्ट ने मुझे धैर्य रखना और निरंतरता बनाए रखना सिखाया। मेरे लिए अनुशासन ही आजादी है। आपको अनुशासन की कीमत चुकानी पड़ती है। जीवन का अनुशासन ही एकमात्र ऐसी चीज़ है जो सफलता दिलाएगी। आप सुसंगत और प्रतिबद्ध हैं, तो आप इसे पूरा कर लेंगे।

# ताजे पानी की मछली से जुड़ी नई प्रजाति की खोज



बेरहामपुर (भाषा)। वैज्ञानिकों के एक समूह ने पाया है कि पश्चिमी ओडिशा के बाजारों में बिक रही ताजा पानी की खाने योग्य मछली वास्तव में एक अपंजीकृत प्रजाति है। बेरहामपुर विश्वविद्यालय के जीवविज्ञान विभाग और गोपालपुर की भारतीय प्राणी सर्वेक्षण(जेडएसआई) द्वारा शुरू की गई एक परियोजना के प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर जय किशोर सेठ ने कहा कि नई प्रजाति का नाम 'अवौस मोटला' रखा गया है। ओडिशा सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के वित्त सहयोग से चलाई गई अनुसंधान परियोजना के दौरान यह खोज की गई। सेठ ने कहा, हमने जेडएसआई के एस्टुरीन (ज्वारनदी मुख) बायोलॉजी रीजनल सेंटर के अनिल महापात्र और ऑस्ट्रेलिया के एक वैज्ञानिक के साथ मिलकर नमूनों का व्यापक अध्ययन किया। हमने पता लगाया है कि यह प्रजाति नयी थी और विभिन्न पहलुओं में प्रजाति की अन्य मछलियों से अलग थी।सोनपुर क्षेत्र के मछुआरों ने मछली का नाम 'मोटला' रखा है। उन्होंने कहा, यह प्रजाति 'अवौस' प्रजाति से संबंधित है इसलिए इसका नाम 'अवौस मोटला' रखा गया है। वैज्ञानिक ने बताया कि मछली को ताजा और सूखा दोनों तरह से खाया जा सकता है।

# जाह्नवी 'देवरा' के लिए पूरा किया गोवा शेड्यूल



**मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' का गोवा शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्ट्रेस गोवा में को-स्टार्स एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान के साथ शूटिंग कर रही थीं। जैसे ही गोवा शेड्यूल पूरा हुआ, जाह्नवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर 'देवरा' टीम के प्रति अपने लगाव को साझा किया, साथ ही अपने किरदार 'थंगम' का परिचय भी दिया। शेयर की गई तस्वीर में वह सिंपल ट्रेडिशनल ग्रीन और ब्लू कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है : सेट, टीम को मिस कर रही हूं और 'थंगम' की भूमिका को अपना रही हूं। हैशटैग देवरा। 'देवरा' युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पार्ट 1 पूरे भारत में 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगा।**

## केडी-द डेविल में धर्मा की भूमिका निभाएंगे

# रमेश अरविंद

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेता रमेश अरविंद फिल्म केडी-द डेविल में धर्मा की भूमिका निभाएंगे।उनके लुक और किरदार के नाम को देखकर प्रशंसक अनुमान लगा रहे है कि रमेश फिल्म में एक धार्मिक अवतार में नजर आएंगे। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी है। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, का निर्देशन प्रेम ने किया है। यह फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।



# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

## 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण हेतु चलाया जा रहा है विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान : डी0ई0ओ0

प्रखर संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी ,जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने एवं शत-प्रतिशत शुद्ध एवं अपडेटेड मतदाता सूची का प्रकाशन कराने हेतु विधानसभा क्षेत्र 313-खलीलाबाद एवं 314-धनघटा अनसुचित जाती के समस्त बी.एल.ओ. को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने, शिफ्टिंग एवं सशोधन करने आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया में परिष्कृत मतदाता सूची बनाने में बी0एल0ओ0 की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नए मतदाताओं को चिन्हित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक एवं युवतियों को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान विशेष अभियान की तिथियों 04 नवम्बर 2023 (शनिवार), 05 नवम्बर 2023(रविवार), 25 नवम्बर 2023(शनिवार), 26 नवम्बर 2023(रविवार), 02 दिसम्बर 2023(शनिवार) एवं 03 दिसम्बर 2023(रविवार) को बीएलओ और पदाभिहित अधिकारी बूथ पर उपस्थित रह कर मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम बढ़ाने, हटाने एवं संशोधित करने के सम्बन्ध में नियमानुसार जरूरी प्रारूपों को भरवाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो चुकी है परन्तु उनका नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया गया है अथवा ऐसे मतदाता जो किसी कारणवश अन्य स्थानों पर निवास करने लगे है उनका नाम हटाने के लिए भी बीएलओ द्वारा प्रारूप-7 भरवाया जायेगा। निर्वाचक नामावली में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में सुधार के लिए प्रारूप-8 निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची में पंजीकृत ऐसे मतदाता जो उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दूसरे स्थान पर निवास करने लगे है ऐसे लोगों के लिए बूथ परिवर्तन हेतु प्रारूप-8क भरवाने की सुविधा रहेगी।

जिलाधिकारी ने चुनाव को लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार बताते हुए जनपदवासियों से मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक रहने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शत-प्रतिशत परिष्कृत मतदाता सूची से वोटिंग का प्रतिशत बढेगा मतदाता पुनरीक्षण अभियान में महिला एवं पुरूष मतदाताओं का रेशियों पर भी ध्यान देना है किसी भी दशा में महिला व बहू का वोट सूची में शामिल होने से न छूटने पाये। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 एवं 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर खलीलाबाद तहसील में कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी मजुल मयंक, तहसीलदार सदर जर्नादन, तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर, नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार सेमरियांवा प्रियंका तिवारी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित तहसील के अधिकारी व कर्मचारी एवं बी0एल0ओ0 आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिक को भगाने वाला युवक गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व नाबालिक को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने वाले आरोपित युवक को सिंधोरा चौराहे से धर दबोचा। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया गत 22 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के ही एक नाबालिक को उस समय लखमीपुर थाना फूलपुर निवासी आकाश कुमार बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ 363 बाद में 366 व 376 तथा पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित के तलाश में थी। गुरुवार को जब वह नाबालिक को कही लेकर जा रहा था तभी दरोगा रोहित दुबे अपने हमराही सिपाहियों के साथ धर दबोचा। बताते हैं कि नाबालिक घर से ओदार बाजार से कापी लेने निकली थी। तभी पहले ही सम्पर्क में रहा 20 वर्षीय उसे भगा ले गया था।

# प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्कूलों में चला टीकाकरण अभियान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। डिफ्थीरिया के खतरों से बचाव के लिए पिंडरा ब्लॉक के विभिन्न परिषदीय व निजी स्कूलों में गुरुवार को टीकाकरण अभियान चलाया गया। स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान के तहत गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय जमापुर, फूलपुर, सिंधोरा मंगारी समेत एक दर्जन स्कूलों में लगे कैम्प के दौरान सैकड़ो छात्र छात्राओं को डीपीटी व टीडी की खुराक दी गई। एक नवम्बर से 10 नवम्बर तक चलने वाले अभियान के दूसरे दिन कुल 775 बच्चों का टीकाकरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय जमापुर में टीकाकरण करने पहुची एएनएम पूनम मौर्य ने बताया कि यह टीका कक्षा एक और 5 के छात्र को टीकाकरण होगा। वही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दीपकेश्वर प्रसाद ने बताया कि पिंडरा ब्लॉक में 50 टीमों द्वारा दो दिनों में अब तक 15 सौ से अधिक टीजी 10, डीपीटी के टीकाकरण परिषदीय व निजी स्कूलों के बच्चों का किया जा चुका है।



# मौलाना अनवार बने कांग्रेस पार्टी के यूपी अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव

प्रखर जौनपुर। शहर के मौलाना अनवार अहमद कासमी को कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग शाहनवाज आलम ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा की मौलाना अनवार कासमी से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी सामाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना का सराहनीय योगदान रहा है। ऐसे में अल्पसंख्यक समाज को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने में मौलाना की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा की हमें आशा है की मौलाना कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के सपनों एवं संघर्षों को आगे बढ़ाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेंगे,




जिस प्रकार से आज अल्पसंख्यक समाज को टारगेट किया जा रहा है भाजपा सरकार में लगातार उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसे में अल्पसंख्यक समाज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है, आज कोई भी अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई और उनके हक अधिकार की बात करता है तो वह केवल राहुल गांधी ही हैं। इस अवसर पर जौनपुर जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव परवेज आलम भुट्टो, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम खान, हमाम वहीद, पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जौनपुर मो आजम खाँ, राशिद कमाल, मौलाना अनवार के चचा रियाजुल आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने पुनः 51 टीबी मरीजों को लिया गोद, दिया पोषण पोटली

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत का सपना प्रधानमंत्री के द्वारा देखा गया है। और इसे पूरा करने के लिए विभाग के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषण पोटली देकर उन्हें सेहतमंद करने की भारत सरकार की योजना है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला अस्पताल जिला स्थित क्षय रोग विभाग में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने 51 टीबी मरीजों को गोद लिया। इन सभी को पोषण पोटली प्रदान किया जो प्रत्येक माह इन मरीजों को इनके ठीक होने तक दिया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में 63 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। और उन्हें प्रतिमाह पोषण पोटली उनके स्वस्थ होने तक उपलब्ध कराया गया । और अब सभी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं । अब एक बार फिर से 51 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। और इन सभी को भी स्वस्थ होने तक इन्हें पोषण पोटली उनके द्वारा दिया जाएगा । ताकि इन्हें प्रोटीन की कहीं से कोई कमी ना रह जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2025 तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त भारत का सपना साकार हो।इस लिए इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के रूप चलाया जा रहा है। टीवी मरीजों के आंकड़ों की बात करें तो जनपद में जनवरी 2023 से अक्टूबर 2023 तक कल 3716 मरीज को चिन्हित किया गया है। जिन्हें क्षय रोग विभाग की तरफ से निशुल्क दवा उपलब्ध करने के साथ ही निश्चय पोषण योजना के तहत उनके खाते में ?500 प्रतिमाह भेजा जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल , राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आनंद मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश सिंह,जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथिलेश सिंह के साथ ही क्षय रोग विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।




# जिलाधिकारी ने निर्वाचन सूची पुनरीक्षण के तहत जेंडर रेशियो बढ़ाने पर दिया जोर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण से संबन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में समस्त ईआरओ एवं एईआर ओ की उपस्थित मे संम्पन्न हुआ। बैठक मे जिलाधिकारी ने एज को हार्ट, जेण्डर रेशियो बढाने, फार्म 6, 7 एवं 8 का प्रतिदिन निस्तारण कराने, तथा दिनांक 01 जनवरी 2024 को 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओ एवं महिला मतदाताओं का अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने का निर्देश दियां। उन्होने कहा कि दिनांक 03 नवंबर 2023 को ग्राम सभा स्तर पर बैठक कर मतदाता सूची को पढ कर सुनाया जाये जिससे लोग अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर लेंगे कि उनका नाम मतदाता सूची में है अथवा नहीं। उन्होने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार 06 विशेष तिथियां निर्धारित है इन विशेष तिथियों पर सभी मतदेय स्थनो पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता बनने हेतु पंजीकरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि विशेष तिथिया जिसमें 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर 26 नवम्बर 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर 2023 को बीएलओ अपने-अपने बूथो पर प्रात 10 बजे से सायं 04 बजे तक उपस्थित होकर मतदाता सूची मे नये मतदाताओ के नाम जोड़वाने, संशोधित करवाने, का नियमानुसार कार्य सम्पन्न करायेगे। उन्होने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओ के लिए फार्म-6 एवं इसके अतिरिक्त अन्य अर्ह मतदाताओं, विशेष तौर पर 24 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओ के नाम जोड़ने हेतु फार्म-8 का उपयोग कराया जाये। उन्होने कहा किसी भी मतदाता का नाम विलोपित करने की कार्यवाही करते समय पूरी सावधानी बरती जाय, जिन मतदाताओ के नाम विलोपित किये जाने की कार्यवाही की जानी है, इस सभी प्रकरणों में नियमानुसार नोटिस सम्यक रूप से तामील की जाय। समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त, निजी स्नातक एवं परास्नातक शिक्षण संस्थानों में मतदाता रजिस्ट्रेशन हेतु कोआर्डिनटर एवं हेल्पडेस्क की स्थापना कराते हुए प्रत्येक कक्षा में इसकी घोषणा भी करायी जाये तथा कक्षा में फार्म भरने हेतु एक तिथि व समय निर्धारित करने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया।



# पीजी कालेज प्राचार्य ने छात्रों को दिया लिखित आश्वासन, जूस पिलाकर कराया धरना समाप्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में 32 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना के बाइसवें दिन तथा आमरण अनशन के चौथे दिन प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र पाण्डेय ने छात्रों को लिखित आश्वासन पत्र देकर सभी आमरण अनशन पर बैठे छात्रों को जूस पीलाकर अनशन स्थगित कराया। बता दें कि आमरण अनशन पर बैठे छात्रों की तबियत बिगड़ती देख कालेज प्रशासन आनन-फानन में सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगकर धरना स्थगित कराया।



पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र पाण्डेय जी द्वारा 32 सूत्रीय मांगों मे से तत्काल प्रभाव से आधे मांगों को पूर्ण किया गया तथा शेष आधे मांगों को दो सप्ताह में पूर्ण करने के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया है। सभी आमरण अनशन पर बैठे छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन यदि दो सप्ताह में सभी मांगों को पूर्ण नही किया गया तो पुनः आमरण अनशन पर बैठने को छात्र बाध्य होंगे ।

पूर्ण मांगों में मुख्य रूप से छात्रसंघ चुनाव कराने हेतु डीएम से प्राचार्य सहित महाविद्यालय प्रशासन दो नवम्बर को पत्र के माध्यम से मिलकर चुनाव तिथि घोषित कराने,आनलाइन टीसी व चरित्र शुल्क 60 से घटाकर 30 रुपए किया साथ ही आफलाइन सुविधा भी महाविद्यालय में उपलब्ध कराई, प्राचार्य के महाविद्यालय समय से आने,कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बना, दो मंजिल और तीन मंजिल पर आरो वाटर मशीन लगने के साथ सभी आरो मशीन कि साफ-सफाई हुई, छात्राओं का कामन रूम कि साफ-सफाई के साथ खोला गया, छात्रसंघ का संक्षिप्त परिचय वेबसाइट पर बुकलेट में अपलोड करने, वर्तमान समय से तीन वर्षों तक फीस वृद्धि नहीं होगी,शस्य विज्ञान विभाग के छत कि मरम्मत के साथ फर्नीचर व पंखे बदलने, शेष मांग दो सप्ताह में पूर्ण होने वालों में मिर्ड-टर्म, व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुल्क कम करने, बीपीई का रिजल्ट जारी कराने,बीपीई का प्रवेश लेने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकों उपलब्ध कराने, समस्त संकाय का फीस विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराने, समस्त कक्षाओं कि रंगाई-पुताई, साइकिल स्टैंड फीस के साथ अवैध वसूली पर कमेटी गठित एक सप्ताह में रिपोर्ट के पश्चात फीस कम करने, महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कराने आदि मांग है।

आमरण अनशन में बैठे छात्रों में आकाश चौधरी, शैलेश यादव, अभिषेक चौरसिया,आरती बिन्द, निखिल राज भारती, अमृतांश बिंद, निलेश बिन्द, धन्नजय कुशवाहा, प्रिंस थे और धरना में शामिल राहुल कुमार, आलोक कुमार राय, सुजीत यादव, हरिओम सिंह यादव, संदीप चौहान, अनूप यादव, नितेश कुमार , अमित चौधरी, राकेश यादव, बृजेश यादव, विकास तिवारी, विकास यादव आदि छात्र मौजूद रहे।

# झोलाछाप डाक्टर द्वारा आपरेशन का वीडियो हुआ वायरल, सीएमओ ने लिया संज्ञान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के दिलदारनगर क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा महिला का ऑपरेशन करते समय का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि झोलाछाप डॉक्टर का एक बार हॉस्पिटल सीज हो जाने के बाद भी अब दूसरे नाम से खुलेआम हॉस्पिटल चला रहा है, जहां झोलाछाप खुलेआम मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करता हुआ दिखाई पड़ रहा है। यह बताया जा रहा है कि वायरल हुए वीडियो में यह दिखाई पड़ रहा है कि झोलाछाप डॉक्टर पहले खुशी हॉस्पिटल के नाम से प्राइवेट अस्पताल चलाता था, जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई भी हुई थी। इस मामले में झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। पूर्व में हॉस्पिटल सीज होने के बाद अब न्यू खुशी नाम से खुलेआम दूसरे हास्पिटल का संचालन कर रहा है। बताया जा रहा है कि झोलाछाप डॉक्टर का नाम आजाद खान उर्फ सोनू है जो खुलेआम मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इस बाबत मामले की शिकायत सीएमओ देश दीपक पाल से की गई तो उन्होंने बताया कि झोलाछाप का वायरल वीडियो मैने देखा है, जिसकी जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह मेरे संज्ञान में है की यह झोलाछाप डाक्टर पहले खुशी हॉस्पिटल के नाम से काम कर रहा था लेकिन अब न्यू खुशी हॉस्पिटल के नाम से काम कर रहा है। फिलहाल जांच के रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।



## संक्षिप्त खबरें

### सुहागिनों का करवा चौथ, अखंड सौभाग्य की कामना के लिए बाजार से लेकर ग्रामीणों तक दिखा

प्रखर दानगंज वाराणसी। वाराणसी में अपने सुहाग की हिफाजत के लिए करवा चौथ का व्रत रखने वाली सुहागिनों के मन में एक अजीब सी उमंग और तरंग हिलोर मार रही थी। चाची, भाभी और नई नवेली दुल्हन सब सोलह श्रृंगार जुटाने और पूजा की थाली सजाने में जुट गई थी।



इनमें किसी के पती विदेश में हैं, किन्ही के सरहद पर, किन्ही के शहर से दूर टूर पर तो किन्ही के दफ्तर के काम से बाहर चले जाना और उनके अबतक नहीं लौटने का कसक। फिर भी मन की मंदिर से झांक रही है अपने पिया को। करवा चौथ के दिन चांद के इंतजार और फिर उसके दीदार का भी अलग ही मजा है।भदवां गांव कि सुन्दरी चौबे और रोली चौबे ने बताया कि अखंड सौभाग्य की कामना से किये गये इस पर्व में न भूख, न प्यास का एहसास होता है। विश्वास और प्यार की डोर को मजबूत करने वाला यह पर्व ही ऐसा है। करवा चौथ पर महिलाओं ने पति के साथ जन्म-जन्मांतर तक अटूट प्रेम बंधन बने रहने की कामना करती है। भगवान से यही मांगा कि दांपत्य की यह डोर विश्वास, आपसी प्रेम और विश्वास अटूट रहे।

### पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ वाराणसी मंडल द्वारा कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी कों अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत और अभिनंदन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ, वाराणसी मंडल द्वारा प्रयागराज दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी के वाराणसी आगमन पर सर्किट हाउस सभागार में उन्हें अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया गया इस अवसर पर केसरवानी वैश्य समाज, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय केशरी, संजय केशरी उपस्थित रहे कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय, पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, रंजीत कुमार, बिरजू कुमार, दिनेश यादव, रंजीत, अशोक सिंह, नंदलाल सहित इत्यादि लोग शामिल रहे।

### चाँद का दीदार कर ब्रती महिलाओं ने तोड़ा करवा चौथ का व्रत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास के बीच मनाया गया व्रती सुहागिन महिलाओं ने चांद का दीदार कर अपना व्रत तोड़ा और पति के दीघार्यु एवं परिवार के सुख समृद्धि की कामना की मान्यता है की करवा चौथ की पूजा विधिपूर्वक की जाए तो मां करवा, माता पार्वती और भगवान शिव की विशेष कृपा बरसती है इसीलिए करवा चौथ के दिन ब्रती महिला ने सुबह उठकर स्नान करके सबसे पहले सरगी का सेवन किया और ब्रत का संकल्प लिया` ब्रती महिलाओ ने शाम होते ही चंद्रमा को अर्घ्य दें फिर चलनी से चंद्रमा की ओर देखकर पति का चेहरा देखा उसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण के ब्रती महिलाओ ने अपना व्रत तोड़ा` करवा चौथ त्यौहार को लेकर की महिलाएं कई दिनों से तैयारी में जुटी थी जेवर और पूजन सामग्री के दुकानों पर जमकर खरीदारी कर आज त्यौहार को हर्षोल्लास के बीच मनाया।



### समाजसेवी के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

प्रखर दुल्लहपुर (गाजीपुर)। स्थानीय क्षेत्र के औढ़ारी गांव निवासी समाजसेवी महादेव जी महन्त जयराम यति इंटर कॉलेज औढ़ारी मठ के संरक्षक संस्थापक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव के पिता रामअधार यादव(73) का गुरुवार को सुबह 11 बजे निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र व शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई।शिक्षा जगत में उन्होंने काफी योगदान दिया था। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागृत किया। वे सरल स्वभाव के धनी होने के साथ साथ मृदुभाषी भी थे। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा.वीरेन्द्र यादव ने उसके निधन पर गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन शिक्षा व धर्म के सेवा में व्यतीत कर दिया। जखनियां के पूर्व विधायक विजय कुमार,एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर हरलोक सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आशा यादव, भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव रमायन गिरी,पूर्व प्रमुख विजय सिंह यादव, प्रधान रमेश यादव, प्रवीण कुमार तिवारी,रामबचन यादव, राजेश राजभर,डा.प्रदीप यादव,योगेश पांडेय,मोती राम,रामजी यादव,हरकेश आदि ने पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं